6. जब स्प्रिंग का मुक्त सिरा ठीक तल को छूता है, ब्लॉक का वेग उस क्षण पर 'v' है तब निम्न में से कौनसा/कौनसे विकल्प सही हैं:

(A) वेग 'v' का परिमाण $\sqrt{2gL}$ है।

(B) ब्लॉक, वेग का परिमाण 'v' वापिस प्राप्त करेगा जब स्प्रिंग में संकुचन $\frac{L}{2}$ है।

(C) ब्लॉक एक चक्कर में दो बार वेग का परिमाण 'v' प्राप्त करेगा

(D) ब्लॉक एक चक्कर में चार बार वेग का परिमाण 'v' प्राप्त करता है।.

7. जब स्प्रिंग ठीक तल को छूती है तो उस क्षण को t = 0 लें तथा ब्लॉक का वेग उस क्षण पर v लें। तब वह समय 't' क्या होगा जिस पर ब्लॉक के वेग का परिमाण 'v' के समान होगा:
दिया है:
(A) t_0 समय पर ब्लॉक इसकी माध्य स्थिति पर पहली बार पहुँचता है।
(B) T = सरल आवर्त गति का आवर्तकाल

(A) $t = 2t_0$, (B) $t = \frac{T}{2}$ (C) $t = \frac{T}{2} + 2t_0$ (D) $t = \frac{T}{2} - t_0$

8. दिखाये गये चित्र में प्रारम्भ में संधारित्र अनावेशित है। समय 't' पर R_3 (= R) प्रतिरोध में धारा का मान बताइये।



9. प्रति एकांक लम्बाई द्रव्यमान μ की एक समान डोरी में संचरित तरंग की समीकण $y = A \sin(\omega t - kx)$ द्वारा दी जाती है। $t = 0$ से $t = \frac{\pi}{12\omega}$ समय अन्तराल में मूल बिन्दू से स्थानान्तरित कुल ऊर्जा ज्ञात करों। (आप तात्क्षणिक शक्ति के सूत्र का उपयोग कर सकते है यदि आप जानते है।)

10. विद्युत वाहक बल के पाँच आदर्श सेल, तीन प्रतिरोध (R_1, R_2 तथा 20 Ω) तथा धारिता C = 1 μF का एक संधारित्र एक परिपथ में चित्रानुसार जुड़े हुये हैं। स्तम्भ-I में स्थितियों को स्तम्भ-II में दी गई स्थितियों से सुमेलित कीजिए।



स्तम्भ-I	स्तम्भ-II
(A) K_2 खुली है व K_1 स्थिति C पर है	(p) बिन्दु B की तुलना में A पर विभव अधिक है।
(B) K_2 खुली है व K_1 स्थिति D पर है	(q) R_1 के द्वारा धारा नीचे की ओर है।
(C) K_2 बन्द (चालू) है व K_1 स्थिति C पर है	(r) R_2 के द्वारा धारा ऊपर की ओर है।
(D) K_2 बन्द (चालू) है व K_1 स्थिति D पर है	(s) संधारित्र पर आवेश 10μC है।

DPP No. : C11 (JEE-Advanced)

Total Marks : 38	**Max. Time : 27 min.**
Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.3	**(3 marks, 2 min.) [09, 06]**
One or more than one options correct type ('–1' negative marking) Q.4 to Q.5	**(4 marks 2 min.) [08, 04]**
Comprehension ('–1' negative marking) Q.6 to Q.8	**(3 marks 2 min.) [09, 06]**
Subjective Questions ('–1' negative marking) Q.9	**(4 marks 5 min.) [04, 05]**
Match the Following (no negative marking) Q.10	**(8 marks, 6 min.) [08, 06]**

1. एक प्रयोग में एक उपकरण द्वारा कोण मापने की आवश्यकता होती है। इस उपकरण में मुख्य पैमाने के 29 भाग वर्नियर पैमाने के 30 भागों के यथातथ संपाती है। यदि मुख्य पैमाने का लघुत्तम भाग आधे अंश (0.5°) के बराबर है, तब इस उपकरण का अल्पतमांक है :
(A) आधा मिनट (B) एक अंश (C) आधा अंश (D) एक मिनट

2. एक प्रकाशिक के प्रयोग में, एक वस्तु की स्थिति को स्थिर रखते हुए एक विद्यार्थी एक उत्तल लेंस की स्थिति में परिवर्तन करता है और प्रत्येक अवस्था के लिए वस्तु के स्पष्ट प्रतिबिम्ब हेतु पर्दे को व्यवस्थित करता है। लेन्स से वस्तु दूरी u और प्रतिबिम्ब दूरी v के बीच ग्राफ दोनों अक्षों पर एक समान स्केल लेकर आरेखित किया जाता है। मूल बिन्दु से गुजरने वाली सरल रेखा, जो कि x-अक्ष से 45° कोण बनाती है, प्रायोगिक वक्र से P पर मिलती हैं। P के निदेर्शांक हैं :
(A) $\left(\frac{f}{2}, \frac{f}{2}\right)$ (B) (f, f) (C) (4f, 4f) (D) (2f, 2f)

3. एक R त्रिज्या तथा m द्रव्यमान की ठोस गेंद चित्रानुसार दिखाई गई स्थिति से स्थिर (fixed) m द्रव्यमान तथा 3R त्रिज्या के खोखले गोले से छोड़ी जाती है। जब ठोस गेंद खोखले गोले की निम्नतम सतह पर आती है तो इसकी प्रारम्भिक स्थिति से निकाय के द्रव्यमान केन्द्र का विस्थापन क्या होगा। (प्रारम्भ में ठोस गोले तथा खोखले गोले के केन्द्र एक ही स्थिति पर है):



(A) 0 (B) 3R (C) 2R (D) R

4. लम्बाई ' $d\ell$ ' का व '+z' दिशा में धारा प्रवाह कर रहा एक धारावाही अल्पांश (1, 1, 0) पर रखा जाता है। यदि मूल बिन्दु पर चुम्बकीय क्षेत्र $\vec{B}_1$ है एवं बिन्दु (2, 2, 0) पर चुम्बकीय क्षेत्र $\vec{B}_2$ है तो :

(A) $|\vec{B}_1| = |\vec{B}_2|$ (B) $\vec{B}_1 = -\vec{B}_2$ (C) $|\vec{B}_1| = |2\vec{B}_2|$ (D) $\vec{B}_1 = -2\vec{B}_2$

5. एक 20 ग्राम के कण पर निम्न दो सरल आवर्त गतियाँ अध्यारोपित हैं –

$x_1 = 2 \sin 10\, t$,

$x_2 = 4 \sin (10\, t + \frac{\pi}{3})$. जहाँ x_1 व x_2 मीटर में तथा t सेकण्ड में है

(A) t = 0 पर कण का विस्थापन $2\sqrt{3}$ मी. होगा।

(B) कण की महत्तम चाल $20\sqrt{7}$ मी./से. होगी।

(C) कण का महत्तम त्वरण का परिमाण $200\sqrt{7}$ मी./से.^{2} होगा।

(D) परिणामी गति की ऊर्जा 50 J होगी।

अनुच्छेद :

एक धारा I एम्पियर एक लूप abcdefgha के द्वारा एक घन जिसकी भुजा ℓ मीटर है के अनुदिश चित्रानुसार बह रही है। लूप का एक कोना 'a' मूल बिन्दु पर है।



6. इस धारा पथ (abcdefgha) को तीन वर्गाकार लूपों (जिनमें प्रत्येक में समान धारा I मानी गई है) के अध्यारोपण की तरह भी माना जा सकता है तो सही विकल्प चुनिए।

(A) fghaf, fabef, ebcde (B) fghaf, fabef, fgdef
(C) fghaf, abcha, ebcde (D) fgdef, fabef, ebcde

7. भुजा ℓ के घन abcdefgh के केन्द्र पर चुम्बकीय क्षेत्र की दिशा में इकाई सदिश है

(A) $\hat{i}$ (B) $-\hat{j}$ (C) $\frac{2\hat{i} - \hat{j}}{\sqrt{5}}$ (D) $\hat{k}$

8. यदि अब एक एकसमान बाह्य चुम्बकीय क्षेत्र $\vec{B} = B_o \hat{j}$ को चालू कर दिया जाता है तब धारावाही लूप (abcdefgha) पर कार्यरत बाह्य बलाघूर्ण की दिशा में इकाई सदिश होगा –

(A) $\hat{k}$ (B) $-\hat{i}$ (C) $\frac{2\hat{i}-\hat{j}}{\sqrt{5}}$ (D) इनमें से कोई नहीं

9. $x = 3 \sin \omega t$ तथा $y = 4 \sin \omega t$ के सरल आवर्त गति के अध्यारोपण के कारण xy तल में एक कण के परिणामी सरल आवर्त गति के आयाम (S.I. ईकाई में) ज्ञात करो। जहाँ x, y तथा t S.I. इकाई में है तथा ω एक नियतांक है।

10. चित्रानुसार एक बेलन और एक तख्ते (plank) को चार प्रकार से रखा जाता है। कुछ सतह चिकने हैं और कुछ सतह खुरदरे हैं। किसी भी खुरदरे सतह पर कोई फिसलन नहीं है। दर्शाये अनुसार प्रत्येक स्थिति में तख्ते और/या बेलन के केन्द्र को चित्रानुसार नियत क्षैतिज वेग दिया जाता है। इन सूचनाओं के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति करो।

(i)



बेलन के द्रव्यमान केन्द्र का वेग होगा _____

(ii)



बेलन का कोणीय वेग होगा _____.

(iii)



बेलन के द्रव्यमान केन्द्र का वेग होगा _____ ।

(iv)



बेलन का कोणीय वेग होगा _____ ।

(a) V
(b) V/R
(c) 2V/R
(d) 4V/R
(e) दी गई सूचनाओं के आधार पर इसे ज्ञात नहीं किया जा सकता।
(f) शून्य

(A) (i) d (ii) b (iii) f (iv) c
(B) (i) e (ii) b (iii) f (iv) c
(C) (i) e (ii) d (iii) f (iv) c
(D) (i) e (ii) b (iii) f (iv) a

DPP No. : C12 (JEE-Main)

Total Marks : 61 **Max. Time : 40 min.**

Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.19 **(3 marks, 2 min.)** **[57, 38]**

One or more than one options correct type ('–1' negative marking) Q.20 **(4 marks 2 min.)** **[04, 02]**

1. एक संयुक्त सूक्ष्मदर्शी के अभिदृश्यक व अभिनेत्र लैंसो की फोकस दूरियां क्रमशः 1 cm व 5 cm है। अभिदृश्यक लैंस से 1.1 cm की दूरी पर रखी एक वस्तू का अन्तिम प्रतिबिम्ब अभिनेत्र लैंस से 25 cm दूर बनता है। सूक्ष्मदर्शी की नली की लम्बाई है:

(A) 6.1 cm (B) 49/8 cm (C) 6 cm (D) 91/6 cm

2. एक गैलीलियो टेलिस्कोप (दूरदर्शी) के अभिदृश्यक लैंस की फोकस दूरी 100 cm व आवर्धन क्षमता 50 है। सामान्य समयोजन में दोनों लैसों के बीच की दूरी होगी :

(A) 150 cm (B) 100 cm (C) 98 cm (D) 200 cm

3. एक p द्विध्रुव आघूर्ण वाले द्विध्रुव को आवेश Q तथा R त्रिज्या की वलय के केन्द्र पर रखा है। द्विध्रुव आघूर्ण की दिशा वलय की अक्ष के अनुदिश है। वलय पर परिणामी बल द्विध्रुव के कारण होगा।

(A) शून्य (B) $\frac{k P Q}{R^3}$ (C) $\frac{2 k P Q}{R^3}$

(D) $\frac{k P Q}{R^3}$ केवल तभी जब आवेश सम्पूर्ण वलय पर एक समान रूप से वितरित है।

4. चार ब्लॉक जिनके द्रव्यमान M_1, M_2, M_3 तथा M_4 है ये एक सीधी रेखा के अनुदिश एक चिकने क्षैतिज समतल सतह पर रखे हुए है। यह दिया हुआ है कि $M_1 >> M_2 >> M_3 >> M_4$ तथा सभी ब्लॉक प्रारम्भ में विराम में है। M_1 को प्रारम्भिक वेग v_0 दांयी तरफ इस तरह दिया जाता है कि यह M_2 के साथ टक्कर करता है। सभी टक्करों को पूर्णतया प्रत्यास्थ मानें। जब सारी टक्करे पूर्ण हो चुकी होती है तब M_4 की की चाल होगी –



(A) v_0 (B) $4 v_0$ (C) $8 v_0$ (D) $16 v_0$

5. L लम्बाई व M द्रव्यमान की एक समरूप छड़ पर बांयें सिरे से 'x' दूरी पर एक छोटी डोरी द्वारा एक छोटा गुटका लटका है। छड़ क्षैतिज स्थिति में है एवं बांये सिरे पर कीलकित है। 'x' ($x \neq 0$) का न्यूनतम मान जिसके लिए प्रारम्भिक त्वरण गुटके के द्रव्यमान 'm' से स्वतंत्र होगा –



(A) L (B) $\frac{2L}{3}$ (C) $\frac{L}{3}$ (D) ज्ञात नहीं किया जा सकता

6. m द्रव्यमान तथा r त्रिज्या की दो एक समान चकती को चित्रानुसार रखा जाता है। यदि α नीचे वाली चकती का कोणीय त्वरण हो तथा a_{cm} नीचे वाली चकती के द्रव्यमान केन्द्र का त्वरण, तो α ,$a_{cm,}$ तथा r में क्या सम्बन्ध होगा :



(A) $a_{cm} = \frac{\alpha}{r}$ (B) $a_{cm} = 2 \alpha r$

(C) $a_{cm} = \alpha r$ (D) इनमें से कोई नहीं

7. एक समान एक चौथाई चकती (त्रिज्या R, द्रव्यमान M) का इसके द्रव्यमान केन्द्र व तल के लम्बवत् अक्ष के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण होगा–

(A) $\frac{MR^2}{2}-M\left(\frac{4}{3}\frac{R}{\pi}\right)^2$ (B) $\frac{MR^2}{2}-M\left(\sqrt{2}\frac{4}{3}\frac{R}{\pi}\right)^2$

(C) $\frac{MR^2}{2}+M\left(\frac{4}{3}\frac{R}{\pi}\right)^2$ (D) $\frac{MR^2}{2}+M\left(\sqrt{2}\frac{4}{3}\frac{R}{\pi}\right)^2$

8. एक समबाहु त्रिभुज ABC एक समान तार से बना हुआ है इसकी दो भुजाओं पर दो एक समान मनके प्रारम्भ में A पर स्थित है। त्रिभुज ऊर्ध्वाधर अक्ष A O के सापेक्ष घुर्णन कर रहा है। अब मनके को एक साथ विराम अवस्था पर छोड़ा जाता है। तथा तार पर नीचे की ओर फिसलने दिया जाता है। एक मनका चित्रानुसार AB के अनुदिश तथा दूसरा AC के अनुदिश फिसलता है। घर्षण के प्रभाव को नगण्य मानिऐं। वह राशि जो मनको के नीचे की ओर फिसलने के दौरान संरक्षित रहती है, होगी।



(A) कोणीय वेग तथा कुल ऊर्जा (गतिज ऊर्जा तथा स्थितिज ऊर्जा)

(B) कुल कोणीय संवेग तथा कुल ऊर्जा

(C) घूर्णन अक्ष के सापेक्ष कोणीय वेग तथा जड़त्व आघूर्ण

(D) घूर्णन अक्ष के सापेक्ष कुल कोणीय संवेग तथा जड़त्व आघूर्ण

9. पिन द्वारा दो समरूप छडों को उनके एक सिरे पर जोडते हैं। जोड़ चिकना है तथा छड़ जोड़ के परितः घूमने के लिए स्वतंत्र हैं। छड़ों को चिकनी सतह पर ऊर्ध्वाधर तल में चित्रानुसार छोडतें हैं। जोड़ का प्रारम्भिक स्थिति से अन्तिम स्थिति तक विस्थापन है। (जब छड़ सीधी जमीन पर स्थित हों।) :



(A) $\frac{L}{4}$ (B) $\frac{\sqrt{17}}{4}$ L (C) $\frac{\sqrt{5}\,L}{2}$ (D) इनमें से कोई नहीं

10. t = 0 पर *m* द्रव्यमान का कण विरामावस्था से बल $\vec{F}=F_0\sin(\omega t)\hat{i}$ के कारण गति प्रारम्भ करता है।

(A) कण इसकी प्रारम्भिक विरामावस्था की स्थिति के सापेक्ष सरल आवर्त गति करता है।

(B) कण प्रारम्भिक स्थिति (सीमांत स्थिति) के सापेक्ष कोणीय आवृत्ति ω से सरल आवर्त गति करता है।

(C) किसी क्षण पर कण द्वारा तय की गई दूरी प्रारम्भिक स्थिति से इसके विस्थापन के बराबर होती है।

(D) कण का प्रारम्भिक वेग समय के साथ बढ़ता है किन्तु $t = 2\pi/\omega$ समय पश्चात् यह नियत हो जाता है।

11. एक सूक्ष्म द्रव्यमान बिन्दु O के सापेक्ष a अधिकतम विस्थापन व T आवर्तकाल से SHM करता है। O बिन्दु से T/8 समय पश्चात् इसका विस्थापन होगा :

(A) $\frac{a}{8}$ (B) $\frac{a}{2\sqrt{2}}$ (C) $\frac{a}{2}$ (D) $\frac{a}{\sqrt{2}}$

12. किसी कण के प्रणोदित दोलनों में बल की आवृत्ति ω_1 के लिए दोलन का आयाम अधिकतम है, जबकि बल की आवृत्ति ω_2 के लिए ऊर्जा अधिकतम है, तब :

(A) $\omega_1 = \omega_2$

(B) $\omega_1 > \omega_2$

(C) $\omega_1 < \omega_2$ जब अवमंदन कम है तथा $\omega_1 > \omega_2$ जब अवमंदन अधिक है।

(D) $\omega_1 < \omega_2$

13. F = –bv – kx समीकरण 2kg द्रव्यमान के एक कण के लिए अवमन्दित दोलन (damped oscillations) को प्रदर्शित करती है जहाँ $b = \ell n2 \frac{N.S.}{m}$ तथा k = 100 N/m है। वह समय जिसके पश्चात् दोलन ऊर्जा अपने प्रारम्भिक मान की आधी रह जाएगी, वह समय होगा–

(A) $\ell n2$ sec (B) 2 sec. (C) $2\ell n2$ sec (D) 1 sec

14. t = 0 पर लम्बे तार में धनात्मक x दिशा में 2 मी./सै. की चाल से गति कर रही अनुप्रस्थ तरंगों को $y = \frac{6}{x^2}$ से प्रदर्शित करते हैं। यह दिया गया है कि $x \neq 0$, कण का अनुप्रस्थ वेग x = 2 मी. तथा t = 2 सै. पर होगा –

(A) 3 मी./सै. (B) – 3 मी./सै. (C) 8 मी./सै. (D) – 8 मी./सै.

15. एक अनुप्रस्थ ज्यावक्रीय तरंग जिसकी तरंग दैर्ध्य 20 सेमी. है, धनात्मक x दिशा में गति कर रही है। x = 0 पर स्थित कण का अनुप्रस्थ वेग समय के फलन के रूप में प्रदर्शित है। गति का आयाम होगा –



(A) $\frac{5}{\pi}$ सेमी. (B) $\frac{\pi}{2}$ सेमी. (C) $\frac{10}{\pi}$ सेमी. (D) 2π सेमी.

16. एक आदमी रस्सी में एक सममित स्पंद को हाथ को ऊपर नीचे करके उत्पन्न करता है t = 0 समय पर उसके हाथ में स्थित बिन्दु नीचे की ओर गति करता है तथा स्पंद रस्सी में 3 m/s चाल से चलता है तथा उसका हाथ प्रत्येक सेकण्ड में माध्य स्थिति से 6 बार गुजरता है, तो 3m दूरी पर रस्सी पर स्थित बिन्दु, पहली बार ऊपरी सिरे पर t समय पर पहुँचेगा तो वह समय t है

(A) 1.25 sec. (B) 1 sec (C) $\frac{13}{12}$ sec. (D) इनमें से कोई नहीं

17. 165 Hz आवृति का एक ध्वनि स्त्रोत ध्वनि उत्पन्न करता है जो एक दीवार से पूर्णतः परावर्तित हो जाती है। दीवार के पास खड़ा एक व्यक्ति दीवार से दूर गति करना प्रारम्भ करता है। दीवार से उस बिन्दु की न्यूनतम दूरी जहाँ व्यक्ति अधिकतम ध्वनि सुनता है, होगी : (ध्वनि का वेग = 330 m/s^{-1})

(A) 1 m (B) 2 m (C) 1/2 m (D) 1/4 m

18. तीन लम्बे तार जिनमें एक समान धारा कागज के अन्दर या बाहर की ओर प्रवाहित हो रही है, को चित्रानुसार चार विभिन्न व्यवस्थाओं में वर्ग के तीन कोनों पर रखा जाता है। वर्ग के ऊपरी खाली कोने पर विभिन्न व्यवस्था के कारण परिणामी चुम्बकीय क्षेत्र का सही क्रम है।



(A) $B_I = B_{IV} > B_{II} = B_{III}$ (B) $B_I > B_{IV} > B_{II} = B_{III}$

(C) $B_{II} = B_{III} > B_I = B_{IV}$ (D) $B_I > B_{III} > B_{II} > B_{IV}$

19. एक स्थायी धारा को बराबर प्रतिरोध तथा लम्बाई d के तारों से संयोजित घन परिपथ में चित्रानुसार प्रवाहित करते हैं। घन परिपथ के कारण केन्द्र 'P' पर चुम्बकीय क्षेत्र क्या है ?



(A) $\frac{\mu_0}{4\pi}\frac{2I}{d}$ (B) $\frac{\mu_0}{4\pi}\frac{3I}{\sqrt{2}\,d}$ (C) 0 (D) $\frac{\mu_0}{4\pi}\frac{\theta\pi I}{d}$

20. एक कण की स्थिति मूल बिन्दु के सापेक्ष सम्बन्ध $x = 3\sin 100t + 8\cos^2 50t$ के अनुसार परिवर्तित होती है। इस गति के बारे में कौनसा/कौनसे कथन सही है।

(A) कण की गति सरल आवर्त गति नहीं है।

(B) कण की सरल आवर्त गति का आयाम 5 सेमी. है।

(C) परिणामी सरल आवर्त गति का आयाम $\sqrt{73}$ सेमी है।

(D) मूल बिन्दु से कण का अधिकतम विस्थापन 9 सेमी. है।

DPP No. : C13 (JEE-Main)

Total Marks : 60 **Max. Time : 40 min.**

Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.20 **(3 marks, 2 min.)** **[60, 40]**

1. एक बिन्दुवत वस्तु पतले समतल उत्तल लैन्स से 20 cm दूरी पर है। लैन्स की फोकस दूरी 15 cm (n = 1.5) है। अब वक्र सतह चाँदी पोलिश कर दी जाती है तो प्रतिबिम्ब बनेगा :



(A) AB से 60 cm बांये तरफ (B) AB से 30 cm बांये तरफ

(C) AB से $\frac{20}{7}$ cm बांये तरफ (D) AB से 60 cm दांये तरफ

2. चित्र में एक निकाय प्रदर्शित है मानिये कि बेलन दो वेजो के मध्य सम्पर्क में रहता है। बेलन का वेग है -



(A) $\sqrt{19-4\sqrt{3}}\,\frac{u}{2}$ m/s (B) $\frac{\sqrt{13}\;u}{2}$ m/s (C) $\sqrt{3}$ u m/s (D) $\sqrt{7}$ u m/s

3. एक द्विध्रुव मूल बिन्दु पर y-अक्ष के अनुदिश रखा है। वक्र के अनुदिश A से B की ओर चलने पर विद्युत क्षेत्र की दिशा ऋणात्मक y–दिशा से धनात्मक y–दिशा में परिवर्तित होती है। कोण θ (द्विध्रुव आघूर्ण के साथ) जहाँ वैद्युत क्षेत्र का y–घटक शून्य है, का मान होगा।



(A) 45°
(B) $\frac{1}{2}\tan^{-1}\frac{1}{2}$
(C) $\tan^{-1}\sqrt{2}$
(D) $\tan^{-1}$(B)

4. एक कुचालक R त्रिज्या की पतली वलय पर रैखिक आवेश घनत्व $\lambda = \lambda_0 \cos\theta$, है, जहां θ दर्शाये अनुसार मापा जाता है। आवेश वितरण का कुल विद्युत–द्विध्रुव आघूर्ण है –



(A) $R^2\lambda_0$
(B) $2\pi R^2\lambda_0$
(C) $\frac{\pi R^2\lambda_0}{2}$
(D) $\pi R^2\lambda_0$

5. एकसमान गोटाई तथा एकसमान घनत्व ρ की (r cm त्रिज्या की) एक चकती में भुजा $\ell = \frac{r}{\sqrt{2}}$ cm के वर्ग के आकार का एक छिद्र है। छिद्र का एक कोना चकती के केन्द्र पर स्थित है तथा छिद्र का केन्द्र y-अक्ष पर स्थित है जैसा कि दिखाया गया है। तो छिद्रयुक्त चकती के द्रव्यमान–केन्द्र की स्थिति का y-निर्देशांक (cm में) होगा –



(A) $-\frac{r}{2(\pi - ¼)}$
(B) $-\frac{r}{4(\pi - ¼)}$
(C) $-\frac{r}{4(\pi - ½)}$
(D) $-\frac{3r}{4(\pi - ¼)}$

6. एक θ कोण का भाग अर्द्धवृत्ताकार चकती से चित्रानुसार काटा जाता है। यदि बचे हुए भाग का द्रव्यमान केन्द्र O बिन्दु से 'a' दूरी पर हो तथा प्रारम्भ में अर्द्धवृत्ताकार चकती का द्रव्यमान केन्द्र O से d दूरी पर हो तो हम निश्चित रूप से कह सकते है कि :



(A) a = d
(B) a > d
(C) a < d
(D) A,B,C भाग के कोण पर निर्भर करेंगे।

7. एक छोटा धातु का गोलक कुचालक डोरी की सहायता से एक दृढ़ आधार से लटका हुआ है। गोलक अचालक तथा प्रारम्भ में अविकृत स्प्रिंग से जुड़ा हुआ है तथा एक समान विद्युत क्षेत्र $\vec{E} = E_0\hat{i}$ में स्थित है तो गोलक पर अल्प आवेश +q के लिए साम्यवस्था में स्प्रिंग में खिंचाव होगा। (स्प्रिंग को क्षैतिज मानिये।)



(A) $\frac{qE}{\frac{mg}{\ell}+k}$
(B) $\frac{qE}{\frac{mg}{\ell}-k}$
(C) $\frac{qE}{mg}\ \ell$
(D) $\frac{qE}{k}$

8. एक यंग द्वि–स्लिट प्रयोग में पर्दे पर व्यक्तिकरण प्रतिरूप प्राप्त होता है। पर्दे पर निकाय के ज्यामितीय केन्द्र के क्षेत्र में :
(A) प्रकाश की तीव्रता O से दूरी के समानुपाती होती है।
(B) समान तीव्रताओं वाले दो बिन्दुओं के बीच की दूरी फ्रिन्ज चौड़ाई के बराबर होती है।
(C) समान तीव्रताओं वाले दो बिन्दुओं के बीच की दूरी फ्रिन्ज चौड़ाई की आधी होती है।
(D)फ्रिन्ज प्रतिरूप विस्थापित नहीं होगा यदि स्लिटों को जोड़ने वाली रेखा के मध्य बिन्दु को स्थिर रखते हुये स्लिटों के तल को अल्प कोण से घुमा दिया जाये।

9. S_1 व S_2 यंग द्विस्लिट प्रयोग मे दो स्लिट (छिद्र) है। यदि केन्द्रीय उच्चिष्ठ P पर प्रतीत होता है तथा कोण $\angle S_1PS_2 = \theta$ है तो तरंगदैर्ध्य λ के लिए फ्रिन्ज चौड़ाई होगी – (माना कि θ बहुत कम हैं) :
(A) λ/θ (B) $\lambda\theta$ (C) $2\lambda/\theta$ (D) $\lambda/2\theta$

10. यंग द्वि–स्लिट प्रयोग में दोनो स्लिट पर्दे पर समान तीव्रता उत्पन्न करती है। एक 100 % पारगम्य पतली फिल्म को स्लिटों में से एक के सामने रखा जाता है। अब पर्दे पर ज्यामितीय द्रव्यमान केन्द्र की तीव्रता पहले की 75 % हो जाती है। प्रकाश की तरंग दैर्ध्य 6000Å है तथा $\mu_{\text{फिल्म}} = 1.5$। फिल्म की कौन सी मोटाई **नही हो सकती** है –
(A) 0.2 μm (B) 1.0 μm (C) 1.4 μm (D) 1.6 μm

अनुच्छेद :

वैद्युतचुम्बकीय तरंगें (ELECTROMAGNETIC WAVES)

तरंगों के स्त्रोत (Source of electromagnetic waves)

वैद्युतचुंबकीय (electromagnetic, संक्षेप में em) तरंगें उत्पन्न कैसे होती हैं ? न तो स्थिर आवेश, न ही एकसमान गाति से चलते हुए आवेश (स्थिर धारा), वैद्युतचुंबकीय तरंगों के स्त्रोत हो सकते हैं। क्योंकि, स्थिर आवेश तो केवल स्थिरवैद्युत क्षेत्र उत्पन्न करते हैं। जबकि गातिमान आवेश चुबंकीय क्षेत्र भी उत्पन्न करते हैं पर वह समय के साथ परिवर्तित नहीं होता है। मैक्सवेल के सिद्धांत की यह एक महत्वपूर्ण निष्पत्ति है कि त्वरित आवेश वैद्युतचुंबकीय तरंगें विकिरित करते हैं। इस मौलिक निष्पत्ति का प्रमाण यहाँ के विस्तार क्षेत्र से परे हैं, परंतु हम इसको एक अपरिष्कृत, गुणात्मक विवेचन के आधार पर स्वीकार कर सकते हैं। मान लीजिए कि एक आवेश है जो किसी निश्चित आवृत्ति से दोलन कर रहा है (कोई दोलन करता हुआ आवेश भी एक त्वरित आवेश का उदाहरण है) । यह उस क्षेत्र में एक दोलित विद्युत क्षेत्र उत्पन्न करता है जो पुनः एक दोलित चुंबकीय क्षेत्र को जन्म देता है, जो पुनः एक दोलित विद्युत क्षेत्र की उत्पत्ति का कारण बनता है और यह प्रक्रिया चलती रहती है। अतः दोलित विद्युत एवं चुंबकीय क्षेत्र एक दूसरे को संपोषित करते हैं या कहें कि तरंग गमन करती है। स्वाभाविक रूप से वैद्युतचुंबकीय तरंगों की आवृत्ति, आवेश के दोलनों की आवृत्ति के बराबर होती है। गमनकारी तंरगों से जुडी ऊर्जा, स्त्रोत अर्थात त्वरित आवेश की ऊर्जा से ही प्राप्त होती है।

पूर्वोक्त चर्चा के आधार पर हो सकता है कि इस प्रागुक्ति का परीक्षण कि प्रकाश विद्युत चुंबकीय तरंग है, सहज हो सकता है। हम विचार कर सकते हैं कि दृश्य प्रकाश (माना कि पीला) उत्पन्न करने के लिए हमें बस एक आवेश को उस प्रकाश की आवृत्ति से दोलन कराने के लिए एक ac परिपथ की आवश्यकता है। लेकिन अफसोस की बात यह है कि ऐसा संभव नहीं है। पीले प्रकाश की आवृत्ति लगभग 6×10^{14} Hz है जबकि अत्यधिक आधुनिक इलैक्ट्रॉनिक परिपथों से भी जो अधिकतम आवृत्ति हम प्राप्त कर पाते हैं वह लगभग 10^{11} Hz होती है। यही कारण है कि जब वैद्युत चुंबकीय तरंगों का प्रयोगिक प्रदर्शन हुआ तो वह निम्न आवृत्ति की तरंगों (रेडियो तरंगों के परिसर में) के लिए ही हुआ, जैसा कि हर्ट्ज के प्रयोग (1887) के प्रकरण में देख सकते हैं। मैक्सवेल के सिद्धान्त के परीक्षण के लिए किए गए हर्ट्ज के सफल प्रयोग ने सनसनी फैला दी तथा ये प्रयोग इस क्षेत्र में अन्य महत्वपूर्ण कार्यो के लिए प्रेरणा का आधार बने।

वैद्युतचुंबकीय तरंगों की प्रकृति (Nature of electromagnetic wave)

मैक्सवेल के समीकरणों के आधार पर यह दर्शाया जा सकता है कि किसी वैद्युतचुंबकीय तरंग में विद्युतीय एवं चुंबकीय क्षेत्र एक दूसरे के लंबवत होते है और इसके गमन की दिशा के भी। विस्थापन धारा पर दिए गए विवेचन के आधार पर भी यह तर्कसंगत प्रतीत होता है। चित्र 2 पर विचार कीजिए। संधारित्र में प्लेटों के बीच विद्युत क्षेत्र प्लेटों के लंबवत है। विस्थापन धारा के द्वारा उत्पन्न चुबंकीय क्षेत्र संधारित्र की प्लेटों के समांतर वृत्त के अनुदिश है। अतः इस स्थिति में **B एवं E** परस्पर लंबवत हैं। यह एक सामान्य लक्षण है।

चित्र 4 में हमने z दिशा में गमन करती हुई एक समतल वैद्युतचुंबकीय तरंग का प्रारूपिक उदाहरण प्रदर्शित किया है (किसी क्षण t पर, क्षेत्रों को z निर्देशांक के फलन के रूप में दर्शाया गया है) । विद्युत क्षेत्र E_x, x-अक्ष के अनुदिश है और किसी क्षण t पर z के साथ ज्यावक्रीय रूप में परिवर्तित होता है। चुबंकीय क्षेत्र B_y, y-अक्ष के अनुदिश है और यह भी z के

साथ ज्यावक्रीय रूप में परिवर्तित होता है। विद्युत क्षेत्र E_x एवं चुबंकीय क्षेत्र B_y एक दूसरे के लंबवत हैं एवं गमन दिशा, z के भी लंबवत है। E_x एवं B_y को हम निम्नवत लिख सकते हैं :

$E_x = E_0 \sin (kz - \omega t)$ .....7(a)

$B_y = B_0 \sin (kz - \omega t)$ .....7(b)

यहॉ k एवं तरंग की तरंगदैर्ध्य λ निम्नलिखित सामान्य संबंध है

$$k = \frac{2\pi}{\lambda} \quad \text{.....(8)}$$

तथा यहॉ ω कोणीय आवृति है, k तरंग सदिश (या गमन सदिश) k का परिमाण है। k की दिशा तरंग के गमन की दिशा निर्दिष्ट करती है। तरंग की गमन चाल (ω/k) है। E_x एवं B_y के लिए समीकरणों [7 (a) एवं (b)] तथा मैक्सेवेल के समीकरणों का उपयोग करके आप निम्न परिणाम पर पहुॅच सकते हैं–



$\omega = cK$, यहां, $c = 1/\sqrt{\mu_0\varepsilon_0}$ .....9(a)

समीकरण $\omega = cK$ सभी तरंगों के लिए प्रामाणिक संबंध है। प्रायः इस संबंध को आवृति, ν ($=\omega/2\pi$) एवं तरंगदैर्ध्य λ ($= 2\pi/k$) के पदों में इस रूप में लिखा जाता है –

$$2\pi\nu = c\left(\frac{2\pi}{\lambda}\right) \text{ अथवा}$$

$\nu\lambda = c$ .....9(b)

मैक्सवेल के समीकरणों के आधार पर इस निष्कर्ष पर भी पहुंचा जा सकता है कि किसी वैद्युतचुंबकीय तरंग में विद्युत एवं चुबंकीय क्षेत्र परस्पर निम्नलिखित समीकरण द्वारा संबंधित है $B_0 = E_0/c$

विद्युत चुम्बकीय तरंगों के गुण:

1. इनके संचरण के लिये माध्यम की आवश्यकता नहीं होती है।

2. यह त्वरित आवेशों के कारण उत्पन्न होती है।

3. इन तरंगों में परिवर्ती विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्र उपस्थित होता है।

$E_x = E_0 \sin (kz - \omega t)$

$B_y = B_0 \sin (kz - \omega t)$

4. विद्युत चुम्बकीय तरंगों की आवृत्ति, विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्र के दोलन की आवृत्ति के समान होती है। आवृत्ति $\mathbf{f = \frac{\omega}{2\pi}}$

5. विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्र से सम्बंधित विद्युत चुम्बकीय तरंग दोनों के लम्बवत् होती है।

6. विद्युत चुम्बकीय तरंग से सम्बंधित विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्र समान कला में होते हैं तथा $|\vec{E}|$ एवं $|\vec{B}|$ का अनुपात c के बराबर होता है।

7. विद्युत चुम्बकीय तरंग की संचरण दिशा विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्र के लम्बवत् होती है। अर्थात् संचरण दिशा $\vec{E}\times\vec{B}$ की दिशा में होती है।

8. निर्वात में विद्युत चुम्बकीय तरंगें प्रकाश की चाल $\mathbf{c = 3 \times 10^8\ m/s}$ से गमन करती हैं, इसको $\mathbf{c = 1/\sqrt{\mu_0\varepsilon_0}}$ द्वारा भी प्रदर्शित किया जाता है।

9. अन्य माध्यम में विद्युत चुम्बकीय तरंगों की चाल = $\frac{1}{\sqrt{\mu\varepsilon}}$.

उपरोक्त सूचनाओं के आधार पर निम्न प्रश्नों का उत्तर दो :

11. 25 MHz आवृति की एक समतल वैद्युतचुंबकीय तरंग निर्वात में x-दिशा के अनुदिश गतिमान है। दिक्काल (space) में किसी विशिष्ट बिंदु पर इसका $E = 6.3\ \hat{j}$ V/m हैं इस बिन्दु पर B का मान क्या है ?

12. किसी समतल वैद्युतचुंबकीय तरंग में चुंबकीय क्षेत्र $B_y = 2 \times 10^{-7} \sin (0.5 \times 10^3 x + 1.5 \times 10^{11} t)$ T है
(a) तंरग की आवृत्ति तथा तरंगदैर्ध्य क्या है ?
(b) विलद्युत क्षेत्र के लिए व्यंजक लिखिए।

13. 2×10^{14} हर्टज् आवृति तथा 27 Vm^{-1} के वैद्युत क्षेत्र के आयाम वाली एक वैद्युत चुम्बकीय तरंग x-दिशा में संचरित है। नीचे दिए गए विकल्पों में से कौनसा एक विकल्प इस तरंग हेतु चुम्बकीय क्षेत्र को दर्शाता है।

(A) $\vec{B}(x,\ t) = (9\times10^{-8}T)\hat{j}$ $\sin\left[1.5\times10^{-6}x - 2\times10^{14}t\right]$

(B) $\vec{B}(x,\ t) = (9\times10^{-8}T)\hat{i}$ $\sin\left[2\pi(1.5\times10^{-8}x - 2\times10^{14}t)\right]$

(C) $\vec{B}(x,\ t) = (9\times10^{-8}T)\hat{k}$ $\sin\left[2\pi(1.5\times10^{-6}x - 2\times10^{14}t)\right]$

(D) $\vec{B}(x,\ t) = (3\times10^{-8}T)\hat{j}$ $\sin\left[2\pi(1.5\times10^{-8}x - 2\times10^{14}t)\right]$

14. z-दिशा में संचरित समतल वैद्युतचुम्बकीय तरंगो हेतु निम्न में से कौनसा समुच्चय क्रमशः $\vec{E}$ तथा $\vec{B}$ हेतु सही संभव दिशा को दर्शाता है। **[JEE (MAIN) 2015_ONLINE TEST]**

(A) $\left(2\hat{i}+3\hat{j}\right)$ तथा $\left(\hat{i}+2\hat{j}\right)$ (B) $\left(-2\hat{i}-3\hat{j}\right)$ तथा $\left(3\hat{i}-2\hat{j}\right)$

(C) $\left(3\hat{i}+4\hat{j}\right)$ तथा $\left(4\hat{i}-3\hat{j}\right)$ (D) $\left(\hat{i}+2\hat{j}\right)$ तथा $\left(2\hat{i}-\hat{j}\right)$

15. यदि निर्वात से संचरित वैघुतचुंबकीय तरंग
$E = E_0 \sin(kx - \omega t)$; $B = B_0 \sin(kx - \omega t)$, है। तब
(A) $E_0 k = B_0 \omega$ (B) $E_0 B_0 = \omega k$ (C) $E_0 \omega = B_0 k$ (D) $E_0 B_0 = \omega / k$

16. एक माध्यम में एक विद्युत चुम्बकीय तरंग का वैद्युत क्षेत्र प्रदर्शित है
$E_x = 0$;

$$E_y = 2.5\frac{N}{C}\cos\left[\left(2\pi\times10^6\frac{rad}{s}\right)t - \left(\pi\times10^{-2}\frac{rad}{m}\right)x\right]$$

$E_z = 0$. तब : **[AIPMT 2009]**
(A) तरंग 200 मी तरंगदैर्ध्य तथा $2\pi \times 10^6$ हर्ट्ज आवृत्ति के साथ y दिशा के अनुदिश गतिमान है
(B) तरंग 100 मी तरंगदैर्ध्य तथा 10^6 हर्ट्ज आवृत्ति के साथ x दिशा के अनुदिश गतिमान है
(C) तरंग 200मी तरंगदैर्ध्य तथा 10^6 हर्ट्ज आवृत्ति के साथ x दिशा के अनुदिश गतिमान है
(D) तरंग 200मी तरंगदैर्ध्य तथा 10^6 हर्ट्ज आवृत्ति के साथ –x दिशा के अनुदिश गतिमान है

17. वैद्युत चुम्बकीय तरंग का वैद्युत क्षेत्र $\vec{E} = 10\cos(10^7 t + kx)\hat{j}$ वोल्ट/मी, द्वारा दिया गया है, जहाँ t और x क्रमशः सेकण्ड तथा मीटर में हैं, परिणाम हो सकते हैं
(i) तरंगदैर्ध्य λ = 188.4 m. (ii) तरंग संख्या k = 0.33 रेडियन/मी
(iii) तरंग आयाम = 10 वोल्ट/मी (iv) तरंग +x अक्ष के अनुदिश प्रसारित होती है
उपरोक्त कथनों में कौन–से कथन सत्य हैं ?
(A) (iii) और (iv) (B) (i) और (ii)
(C) (ii) और (iii) (D) (i) और (iii)

18. धनात्मक x-दिशा में संचरित्र एक प्रकाश पुंज विद्युत क्षेत्र E_y = (300 V/m) sinω(t – x/c) द्वारा दर्शाया जाता है। एक इलेक्ट्रॉन y-दिशा के अनुदिश 2.0×10^7 m/s की चाल से गति करने के लिए बाधित है। इलेक्ट्रॉन पर कार्यरत अधिकतम विद्युत बल तथा अधिकतम चुम्बकीय बल होगा

(A) 4.8×10^{-17} N, शून्य (B) 4.2×10^{-18} N, 1.8×10^{-8}

(C) 4.8×10^{-17} N,3.2×10^{-18} N (D) शून्य, शून्य

19. एक गतिशील विद्युत चुम्बकीय तरंग में चुम्बकीय क्षेत्र का शीर्ष मान 20 nT है। विद्युत क्षेत्र सामर्थ्य का शीर्ष मान है : **[JEE (Main) 2013, 4/120, –1]**

(A) 3V/m (B) 6V/m (C) 9V/m (D) 12 V/m

20. एक विद्युत चुंबकीय तरंग हवा से किसी माध्यम में प्रवेश करती है। उनके वैद्युत क्षेत्र $\vec{E}_1 = E_{01}\hat{x}\cos\left[2\pi\nu\left(\frac{z}{c}-t\right)\right]$ हवा में एवं $\vec{E}_2 = E_{02}\hat{x}\cos[k(2z-ct)]$ माध्यम में हैं, जहाँ संचरण संख्या k तथा आवृत्ति υ के मान हवा में हैं। माध्यम अचुम्बकीय है। यदि ε_{r_1} तथा ε_{r_2} क्रमशः हवा एवं माध्यम की सापेक्ष विद्युतशीलता हो तो निम्न में से कौन सा विकल्प सत्य होगा? **[JEE (Main) 2018; 4/120, –1]**

(A) $\frac{\varepsilon_{r_1}}{\varepsilon_{r_2}} = \frac{1}{4}$ (B) $\frac{\varepsilon_{r_1}}{\varepsilon_{r_2}} = \frac{1}{2}$ (C) $\frac{\varepsilon_{r_1}}{\varepsilon_{r_2}} = 4$ (D) $\frac{\varepsilon_{r_1}}{\varepsilon_{r_2}} = 2$

DPP No. : C14 (JEE-Advanced)

Total Marks : 33 **Max. Time : 22 min.**
Comprehension ('–1' negative marking) Q.1 to Q.11 **(3 marks 2 min.)** **[33, 22]**

अनुच्छेद :

क्या अन्य तरंगों की तरह वैद्युतचुंबकीय तरंगें भी ऊर्जा एवं संवेग वहन करती हैं ? जी हॉ, वे ऊर्जा एवं संवेग वहन करती हैं। किसी मुक्त या निर्वातित क्षैत्र में यदि विद्युत क्षेत्र E विद्यमान होता है तो उस क्षेत्र में ऊर्जा घनत्व ($\varepsilon_0 E^2/2$) होता है। इसी प्रकार चुंबकीय क्षेत्र B से संबंधित चुंबकीय ऊर्जा घनत्व ($B^2/2\mu_0$) होता है। क्योकि वैद्युतचुंबकीय तरंग में वैद्युत एवं चुंबकीय क्षेत्र दोनों ही होते हैं इसके साथ एक शून्येतर ऊर्जा घनत्व जुडा होता है। अब मान लीजिए कि वैद्युतचुंबकीय तरंग की गमन दिशा के लंबवत कोई तल है। (चित्र 4)। यदि इस तल में कोई वैद्युत आवेश होंगे तो वे वैद्युतचुंबकीय तरंगों के विद्युत एवं चुंबकीय क्षेत्रों के कारण गाति में आकर उस गत्यावस्था में बने रहेंगे। इस प्रकार वह आवेश तरंगों से ऊर्जा एवं संवेग प्राप्त करते हैं। इससे यही तथ्य स्पष्ट होता है कि (अन्य तरंगों की भॉति) वैद्युतचुंबकीय तरंगें भी ऊर्जा एवं संवेग वहन करती हैं। चूँकि यह संवेग वहन करती हैं इसलिए एक वैद्युतचुंबकीय तरंग दाब डालती है जिसे विकिरण दाब कहते हैं।

यदि t समय में किसी सतह पर स्थानांतरित कुल ऊर्जा U हो तो यह दर्शाया जा सकता है कि इस सतह को प्रदान किया गया कुल संवेग (यह मानते हुए कि सतह द्वारा कुल ऊर्जा अवशोषित की गई है) होगा, $p = \frac{U}{c}$ .....(11)

प्रकाश के रूप में सूर्य से ऊर्जा पृथ्वी तक पहुँचती है जिसके कारण पृथ्वी पर जीवन संभव हुआ हैं।

1. 18 W/cm^2 के ऊर्जा फ्लक्स का प्रकाश किसी अपरार्वतक सतह पर अभिलंबवत आपतित होता हैं। यदि सतह का क्षेत्रफल 20cm^2 हो तो 30 मिनट की समयावधि में सतह पर लगने वाले औसत बल का परिकलन कीजिए।

2. 3m की दूरी पर स्थित किसी 100 W बल्ब से आ रहे विकिरण द्वारा उत्पन्न विद्युत एवं चुंबकीय क्षेत्रों की गणना कीजिए। आप यह जानते हैं कि बल्ब की दक्षता 2.5% है और यह एक बिन्दु स्त्रोत है।

3. 4 mW पर संचालित एक प्रकाश पुंज की 60 cm लम्बाई में संग्राहित ऊर्जा ज्ञात करो। .

(A) 8×10^{-12}J (B) 6×10^{-12}J (C) 4×10^{-12}J (D) 7×10^{-12}J

4. एक माध्यम में विद्युत चुम्बकीय तरंगों के संचरण के दौरान : **[JEE (Main) 2014, 4/120, –1]**

(A) विद्युतीय ऊर्जा घनत्व चुम्बकीय ऊर्जा घनत्व का दुगुना है।

(B) विद्युतीय ऊर्जा घनत्व चुम्बकीय ऊर्जा घनत्व का आधा है।

(C) विद्युतीय ऊर्जा घनत्व चुम्बकीय ऊर्जा घनत्व के बराबर है।

(D) दोनों विद्युतीय एवं चुम्बकीय ऊर्जा धनत्व शून्य है।

5. 1×10^{14} हर्टज आवृति की एक वैद्युतचुम्बकीय तरंग z–अक्ष के अनुदिश संचरित है। वैद्युत क्षेत्र का आयाम 4V/m है। यदि $\in_0 = 8.8 \times 10^{-12}\ C^2/N–m^2$ तो वैद्युत क्षेत्र का औसत ऊर्जा घनत्व होगा— **[JEE (MAIN) 2014_ONLINE TEST]**

(A) $35.2 \times 10^{-11}\ J/m^3$ (B) $35.2 \times 10^{-12}\ J/m^3$ (C) $35.2 \times 10^{-13}\ J/m^3$ (D) $35.2 \times 10^{-10}\ J/m^3$

6. एक विद्युत चुम्बकीय तरंग की आवृति n = 3.0 MHz है, निर्वात से परावैद्युत माध्यम में गुजरती है जिसकी विद्युतशीलता $\varepsilon = 4.0$, है, तब **[AIEEE 2004; 3/225, –1]**

(A) तरंग दैर्ध्य दुगनी होगी व आवृति अपरिवर्तित रहेगी (B) तरंग दैर्ध्य दुगनी होगी व आवृति आधी होगी

(C) तरंग आधी होगी व आवृति अपरिवर्तित रहेगी (D) तरंग दैर्ध्य व आवृति दोनो ही अपरिवर्तित रहेगी।

7. निर्वात में एक विद्युतचुम्बकीय तरंग में विद्युत एवं चुम्बकीय क्षेत्र $\vec{E}$ एवं $\vec{B}$ हैं, जो कि हमेशा एक दूसरे के लम्बवत् हैं। ध्रुवण की दिशा $\vec{X}$ से दी जाती है और तरंग संचरण की $\vec{k}$ से। तब **[AIEEE 2012, 4/120, – 1]**

(A) $\vec{X} \| \vec{B}$ और $\vec{k} \| \vec{B} \times \vec{E}$ (B) $\vec{X} \| \vec{E}$ और $\vec{k} \| \vec{E} \times \vec{B}$

(C) $\vec{X} \| \vec{B}$ और $\vec{k} \| \vec{E} \times \vec{B}$ (D) $\vec{X} \| \vec{E}$ और $\vec{k} \| \vec{B} \times \vec{E}$

विस्थापन धारा

विद्युत धारा अपनें चारों ओर एक चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करती है। मैक्सवेल ने दर्शाया कि तार्किक संगाति के लिए यह आवश्यक है कि परिवर्तनशील विद्युत क्षेत्र भी चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करे। यह प्रभाव बहुत ही महत्व का है, क्योंकि यह रेडियो तरंगों, गामा किरणों, एवं दृश्य प्रकाश के अतिरिक्त भी अन्य सभी वैद्युतचुंबकीय तरंगों के अस्तित्व की व्याख्या करता है।

यह देखने के लिए कि परिवर्तनशील विद्युत क्षेत्र किय प्रकार चुंबकीय क्षेत्र के उद्‌भव का कारण बनता है। आइए हम किसी संधारित्र के आवेशन की प्रक्रिया पर विचार करें और संधारित्र के बाहर किसी बिंदु पर चुंबकीय क्षेत्र ज्ञात करने के लिए ऐम्पियर के परिपथीय नियम

$$\int B.\ dl = \mu_0 i\ (t) \qquad \text{..... (A)}$$

का उपयोग करें।

[चित्र 1 (a)] में एक समांतर प्लेट संधारित्र C दर्शाया गया है जो एक ऐसे परिपथ का भाग है जिसमें समय के साथ परिवर्तनशील धारा i (t) प्रवाहित हो रही है। आइए, समांतर प्लेट संधारित के बाह्य क्षेत्र में स्थित किसी बिन्दु जैसे कि P पर चुंबकीय क्षेत्र ज्ञात करें। इसके लिए, हम r त्रिज्या का एक समतल वृत्ताकर लूप लेते हैं जिसका तल धारावाही तार की दिशा के लंबवत है और जिसका केंन्द्र तार के ऊपर है [चित्र 1 (a)]। सममिति क आधार पर हम कह सकते हैं कि चुंबकीय क्षेत्र की दिशा वृत्ताकार लूप की परिधि के अनुदिश है और लूप के प्रत्येक बिंदु पर इसका परिमाण समान है। इस कारण, यदि क्षेत्र का परिमाण B है तो समीकरण (A) का वाम पक्ष B ($2\pi r$) है।

$$B\ (2\pi r) = \mu_0 i\ (t) \qquad \text{.....(B)}$$

अब इसी परिसीमा वाली एक अन्य सतह पर विचार कीजिए। यह घड़े के आकार की एक सतह है जो धारा को कहीं भी नही छूती है। (चित्र. 1 (b)] पर इसकी तली संधारित्र की दोनों प्लेटों के बीच में है और उसका मुँह ऊपर वर्णित वृत्ताकार लूप है। दूसरी एसी सतह (बिना ढक्कन के) टिफिन बॉक्स के आकार की है [चित्र 1 (c)]। समान प्राचलों वाली ऐसी सतहों के लिए ऐम्पियर का नियम लगाने पर, हम पाते हैं कि समीकरण (A) के बाई और का मान तो नही बदलता है पर दाई ओर का मान शून्य है न कि $\mu_0 i$ (t), क्योकि चित्र 1 (b) और (c) में दर्शायी गई सतहों से कोई धारा नही गुजरती है। इसलिए, हमारा सामना एक विरोधाभास से होता है। एक प्रकार से गणना करें तो बिन्दु P पर चुंबकीय क्षेत्र है; दूसरी प्रकार गणना करें तो P पर चुंबकीय क्षेत्र शून्य होता है। क्योंकि यह विरोधाभास हमारे द्वारा लागू किए गए ऐम्पियर के परिपथीय नियम के कारण उत्पन्न होता है। इस नियम में संभवतः कोई पद छूट गया है। छूटा हुआ यह पद ऐसा होना चाहिए कि चाहे हम किसी भी सतह का उपयोग करें बिन्दु P पर चुंबकीय क्षेत्र का समान मान प्राप्त हो।



चित्र 1

यदि हम चित्र 1 (c) को ध्यानपूर्वक देखें तो छूटे हुए पद का अनुमान लगाया जा सकता है। क्या संधारित्र की प्लेटों के बीच की सतह S से गुजरती हुई किसी राशि के मान में परिवर्तन हो रहा है। जी हॉ, वास्तव में उनके बीच विद्युत क्षेत्र बदल रहा है। यदि संधारित्र की प्लेटों का क्षेत्रफल A हो एवं इस पर कुल आवेश Q हो तो प्लेटों के बीच विद्युत क्षेत्र **E** का परिमाण (Q/A)/ ε_0 होता है [देखिए समीकरण (2.4)] । यह क्षेत्र चित्र 1 (c) की सतह S के लंबवत होता है। इसका परिमाण संधारित्र की प्लेटों के क्षेत्रफल A पर समान रहता है पर इनके बाहर शून्य हो जाता है। इसलिए, सतह S से गुजरने वाला विद्युत फ्लक्स, गाउस के नियम के उपयोग से होता है।

$$\Phi_E = |E|\ A = \frac{1}{\varepsilon_0}\frac{Q}{A}\ A = \frac{Q}{\varepsilon_0} \qquad .....(C)$$

अब यदि संधारित्र की प्लेटों पर आवेश Q समय के साथ परिवर्तित हो तो यहॉ एक धारा i = (dQ / dt) होगी। इसलिए समीकरण (8.3) से

$$\frac{d\Phi_E}{dt} = \frac{d}{dt}\left(\frac{Q}{\varepsilon_0}\right) = \frac{1}{\varepsilon_0}\frac{dQ}{dt}$$

यह निर्दिष्ट करता है कि ऐम्पियर के नियम में संगति के लिए,

$$\varepsilon_0\left(\frac{d\Phi_E}{dt}\right) = i \qquad .....(D)$$

यही ऐम्पियर के परिपथीय नियम का छूटा हुआ पद है। यदि हम किसी भी सतह से होकर चालकों द्वारा वाहित कुल धारा में, ε_0 गुणा विद्युत फ्लक्स के परिवर्तन की दर जोडें तो हम ऐम्पियर के परिपथीय नियम का सामान्यीकरण कर सकते हैं। तब सभी सतहों के लिए धारा का मान i समान होगा। तब कहीं पर भी ऐम्पियर का सामान्यीकृत नियम लगाने पर B के प्राप्त मान में कोई विसंगति नही आएगी। बिन्दु P पर, B का मान शून्येतर ही होगा चाहे इसकी गणना करने के लिए हम कोई भी सतह लें प्लेटों के बाहर, किसी बिन्दु P पर B का मान वही होगा जो ठीक इसके अन्दर बिन्दु M पर होना चाहिए [चित्र1 (a)] । आवेशों के प्रवाह के कारण चालकों में जो धारा प्रवाहित होती है उसे चालन धारा कहा जाता है। समीकरण (D) द्वारा व्यक्त धारा एक नवीन पद है। जो परिवर्तनशील विद्युत क्षेत्र (या विद्युतीय विस्थापन, जो अभी भी कभी उपयोग में आता है।) के कारण अस्तित्व में आता है। इसको इसलिए विस्थापन धारा अथवा मैक्सवेल की विस्थापन धारा कहा जाता है। चित्र 2 ऊपर वर्णित समांतर प्लेट संधारित्र के अन्दर विद्युत एवं चुबंकीय क्षेत्र दर्शाता है।

मैक्सवेल द्वारा किया गया व्यापकीकरण निम्न है। चुबकीय क्षेत्र का स्त्रोत्र केवल प्रवाहमान आवेशों से निर्मित चालन विद्युत धारा ही नहीं होती, अपितु समय के सापेक्ष विद्युत क्षेत्र में परिवर्तन की दर भी इसका कारण बन सकती है। अधिक स्पष्टता से इस बात को कहें तो कुल धारा i, i_c द्वारा निर्दिष्ट चालन धारा एवं i_d (= $\varepsilon_0 (d\Phi_E / dt)$ द्वारा निर्दिष्ट विस्थापन धारा के योग के बराबर होती है। अतः

$$i = i_e + i_d = i_c + \varepsilon_0 \frac{d\Phi_E}{dt} \qquad .....(5)$$



Figure 2 (a)

सुस्पष्ट शब्दों में इसका अर्थ है कि संधारित्र की प्लेटों के बाहर केवल चालन धारा i_c = i होती है। अर्थात i_d = 0। दूसरी और संधारित्र के अंदर कोई चालन धारा नहीं होती, अर्थात् i_c = 0 और केवल विस्थापन धारा होती है। जिससे i_d = i ।



व्यापकीकृत (एवं यथार्थ) ऐम्पियर के परिपथीय नियम का स्वरूप समीकरण (A) जैसे है। बस केवल एक अंतर है। "ऐसी किसी भी सतह, जिसकी परिमिति बंद लूप है से गुजरने वाली कुल धारा चालन धारा एवं विस्थापन धारा का योग होती है।" व्यापक रूप में यह नियम

$$\oint B \bullet d\ell = \mu_0 i_c + \mu_0\varepsilon_0 \frac{d\Phi_E}{dt}$$

तथा इसे ऐम्पियर मैक्सवेल नियम कहते हैं।

किसी भी दृष्टि से विस्थापन धारा के भौतिक प्रभाव चालन धारा के समान हैं। कुछ स्थितियों में, उदाहरणार्थ, किसी चालक तार में नियत विद्युत क्षेत्र के लिए विस्थापन धारा का मान शून्य हो सकता है क्योंकि किसी विद्युत क्षेत्र **E** समय के साथ परिवर्तित नहीं होता। कुछ दूसरी स्थितियों में, जैसे कि ऊपर बताए गए आवेशित होते संधारित्र में चालन एवं विस्थापन धारा दोनों ही उपस्थित हो सकते है पर अलग अलग दिक् स्थानों में। परन्तु अधिकतर स्थितियों में दोनो एक ही स्थान पर विद्यमान हो सकते हैं क्योकि कोई भी माध्यम पूर्ण चालक या पूर्ण विद्युतरोधी नहीं होता। सर्वाधिक रोचक तथ्य यह है कि किसी विशाल क्षेत्र में जहॉ कोई भी चालन धारा नहीं होती, समय के साथ परिवर्तनशील विद्युत क्षेत्र के कारण केवल विस्थापन धारा ही होती है। ऐसे क्षेत्र में, आसपास कोई (चालन) धारा स्त्रोत नहीं होने पर भी चुबंकीय क्षेत्र विद्यमान होगा। इस विस्थापन धारा के अस्तित्व की प्रागुक्ति प्रयोग द्वारा पुष्ट की जा सकती है। उदाहरण के लिए चित्र 2(a) के संधारित्र की प्लेटों के बीच (माना बिन्दु M पर) चुबंकीय क्षेत्र मापा जा सकता है। यह ठीक उतना ही पाया जाएगा जितना कि बाहर के किसी बिन्दु (माना P) पर। विस्थापन धारा के (शब्दशः) दूरगामी परिणाम हैं। एक तथ्य जिसकी ओर हमारा ध्यान एकदम आकर्षित होता है, वह यह है कि विद्युत एवं चुंबकत्व अब और अधिक सममितीय हो गए हैं। फैराडे का प्ररेण संबंधी नियम यह बताता है कि प्रेरित विद्युत वाहक बल चुंबकीय फ्लक्स परिवर्तन की दर के बराबर होता है। अब, चूँकि दो बिन्दुओं 1 एवं 2 के बीच विद्युत वाहक बल, बिन्दु 1 से बिन्दु 2 तक इकाई आवेश को ले जाने में किया गया कार्य है। विद्युत वाहक बल की उपस्थिति एक विद्युत क्षेत्र की उपस्थिति को इंगित करती है। फैराडे के विद्युत चुंबकीय प्ररेण संबंधी नियम को हम दूसरे शब्दों में इस प्रकार भी कह सकते हैं कि समय के साथ परिवर्तनशील चुंबकीय क्षेत्र, विद्युत क्षेत्र उत्पन्न करता है। यह तथ्य कि समय के साथ परिवर्तनशील विद्युत क्षेत्र, चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करता है, फैराडे के नियम का सममितीय प्रतिरूप है और विस्थापन धारा के चुंबकीय क्षेत्र का स्त्रोत होने का परिणाम है। अतः समय पर निर्भर वैद्युत एवं चुंबकीय क्षेत्र एक-दूसरे की उत्पत्ति के कारण हैं। फैराडे का विद्युत चुंबकीय प्रेरण का नियम एवं मैक्सवेल- ऐम्पियर का परिपथीय नियम इस कथन की परिमाणात्मक अभिव्यक्ति है। जहॉ धारा, कुल धारा है जैसा कि समीकरण (5) से स्पष्ट है। इस सममिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण निष्पत्ति विद्युत चुंबकीय तरंगों का अस्तित्व है जिसके विषय में हम अगले अनुभाग में चर्चा करेंगे।

मैक्सवेल के समीकरण

1. $\oint E \cdot dA = Q / \varepsilon_0$ (विद्युत संबंधी गाउस नियम)
2. $\oint B \cdot dA = 0$ (चुंबकत्व संबंधी गाउस नियम)
3. $\oint E \cdot d\ell = \frac{-d\Phi_B}{dt}$ (फैराडे नियम)
4. $\oint B \cdot d\ell = \mu_0 i_c + \mu_0 \varepsilon_0 \frac{d\Phi_E}{dt}$ (ऐम्पियर-मैक्सवेल नियम)

8. एक समान्तर प्लेट संधारित्र जिसकी वृत्ताकार प्लेटों की त्रिज्या 1 m है, धारिता 1 nF है। समय t = 0 पर इसको आवेशित करने के लिए R = 1 MΩ के एक प्रतिरोधक के साथ श्रेणीक्रम में 2 V की बैटरी से जोड़ा गया है (चित्रानुसार)। 10^{-3} s के पश्चात संधारित्र के बीच में दोनों प्लेटों के केन्द्र एवं उनकी परिमिति के ठीक मध्य में स्थित बिन्दु P पर चुंबकीय क्षेत्र का परिकलन कीजिए। [क्षण t पर संधारित पर आवेश q (t) = CV [1 – exp (–t / τ)] होता है, जहॉ समय नियतांक τ = RC है।



9. एक समान्तर प्लेट सधारित जिसकी प्लेट का क्षेत्रफल A तथा प्लेटो के मध्य दूरी d है, को नियत धारा i से आवेशित किया जाता है । प्लेटो के मध्य A/2 क्षेत्रफल की समतल सतह पर विचार करते है जो प्लेटो के मध्य सममित रूप से स्थित है । इस क्षेत्रफल से गुजरने वाली विस्थापन धारा ज्ञात करो

(A) i (B) $\frac{i}{2}$ (C) 2i (D) शून्य

10. एक समानांतर पट्ट संधारित्र की प्लेट का क्षेत्रफल A तथा प्लेट–अंतराल d है, इसको t = 0 पर वि.वा.बल E तथा आंतरिक प्रतिरोध R वाली बैटरी से जोड़ा गया है। समतल सतह जिसका क्षेत्रफल A/2 है, पर विचार कीजिये जो प्लेटों के बीच सममित रूप से स्थित है तथा प्लेटों के समानांतर है। इस सतह से गुजरने वाली विस्थापन धारा समय के फलन रूप में ज्ञात कीजिये।

(A) $\frac{\varepsilon}{2R}e^{\frac{-td}{\varepsilon AR}}$ (B) $\frac{\varepsilon}{R}e^{\frac{-td}{\varepsilon AR}}$ (C) $\frac{2\varepsilon}{R}e^{\frac{-td}{\varepsilon AR}}$ (D) $\frac{\varepsilon}{2R}e^{\frac{-2td}{\varepsilon AR}}$

11. यदि E विद्युत क्षेत्र की तीव्रता को प्रदर्शित करता है, जो राशि $\epsilon_0 \frac{dE}{dt}$ की विमा किसके तुल्य है।

(A) विद्युत धारा (B) धारा घनत्व (C) विद्युत विभव (D) वैद्युत फ्लक्स

DPP No. : C15

Total Marks : 66 **Max. Time : 44 min.**
Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.22 **(3 marks 2 min.) [66, 44]**

1. एक डिजीटल सिग्नल –
(A) एक अनालॉग सिग्नल की तूलना में कम विश्वसनीय होता है।
(B) एक अनालॉग्ग की तुलना में अधिक विश्वसनीय होता है।
(C) एक अनालॉग सिग्नल के बराबर ही विश्वसनीय होता है।
(D) उपरोक्त में से कोई नही

2. आधुनिक कम्युनिकेशन सिस्टम में उपयोग होते है।
(A) अनालॉग परिपथ (B) डिजीटल परिपथ
(D) अनालॉग तथा डिजीटन का संयोजन परिपथ (D) उपरोक्त में से कोई नही

3. एक ऑडियो सिग्नल -
(A) वायु पर लम्बी दूरीयों तक भेजे जा सकते है। (B) वायु पर लम्बी दूरीयों तक नही भेजे जा सकते है।
(C) अति उच्च आवृति रखते है। (D) उपरोक्त में से कोई नही

4. सिग्नल की तीव्रता के अनुसार , एक वाहक तरंग के कुछ अभिलाक्षणिक गुणों को बदलने की प्रक्रिया कहलाती है -
(A) प्रवर्धन (ऐम्पलीफीकेशन) (B) दिष्टकरण (rectification) (C) मोडयूलेशन (D) इनमें से कोई नही

5. यदि 1000 kHz की एक वाहक तरंग का उपयोग सिग्नल ले जाने (carry) में किया जाना हो तो प्रसारक (transmitting) ऐन्टिना की लम्बाई होगी -
(A) 3 m (B) 30 m (C) 300 m (D) 3000 m

6. माडयूलेशन के कितने प्रकार सम्भव है -
(A) केवल एक (B) केवल दो (C) केवल तीन (D) इनमें से कोई नही

7. आयाम मोडयूलेशन में -
(A) केवल आयाम परिवर्तित होता है लेकिन आवृति वही रहती है।
(B) आयाम तथा आवृति दोनो समान रूप से बदलते है।
(C) आयाम तथा आवृति दोनो असमान रूप से बदलते है।
(D) इनमें से कोई नही

8. मोडयूलेशन घटक निर्धारित करता है -
(A) केवल ट्रान्समिटेड सिग्नल की शक्ति (प्राब्ल्य) (B) केवल ट्रान्समिटेड सिग्नल की गुणवत्ता
(C) सिग्नल का प्राब्ल्य तथा गुणवता दोनों (D) उपरोक्त में से कोई नही

9. मोडयूलेशन डिग्री का मान –
(A) कोई भी मान हो सकता है (B) 100% से कम होना चाहिये
(C) 100% से अधिक होना चाहिये (D) इनमें से कोई नही

10. एक AM तरंग के वोल्टेज के अधिकतम मान $V_{max.}$ तथा न्यूनतम मान $V_{min.}$ है तो मोडयूलेशन फेक्टर (factor) होगा–

(A) $m = \frac{V_{max.}}{V_{max.} + V_{min.}}$ (B) $m = \frac{V_{min.}}{V_{max.} + V_{min.}}$ (C) $m = \frac{V_{max.} + V_{min.}}{V_{max.} - V_{min.}}$ (D) $m = \frac{V_{max.} - V_{min.}}{V_{max.} + V_{min.}}$

11. एक AM तरंग तीन आवृतियॉ रखती है, यह है :

(A) $\frac{f_c}{2}, \frac{f_c + f_s}{2}, \frac{f_c - f_s}{2}$ (B) $2f_c$, $2(f_c + f_s)$, $2(f_c - f_s)$

(C) f_c,$(f_c + f_s)$, $(f_c - f_s)$ (D) f_c , f_c, f_c

12. 100 kHz आवृति की एक वाहक आवृति तथा 5 kHz की मोडयूलेटिंग आवृति के लिये AM ट्रान्समिशन की चौडाई (width) क्या होगी –

(A) 5 kHz (B) 10kHz (C) 20 kHz (D) 200 KHz

13. इन्टलसेट सेटेलाइट का उपयोग किया जाता है, के लिए

(A) रेडियो कम्यूनिकेशन (B) अर्न्तमहाद्वीपीय कम्यूनिकेशन

(C) रेडार कम्यूनिकेशन (D) उपरोक्त में से कोई नही

14. एक भू स्थिर उपग्रह :

(A) ग्लोबल कवरेज को सुनिशिचत करने के लिए 35,860 km की एक ऊँचाई पर स्थित किया जाता है।

(B) पृथ्वी की चुम्बकीय ध्रुवों के उपर स्थिर प्रतीत होता है।

(C) वास्तव में यह स्थिर नही होता लेकिन पृथ्वी के चारों ओर इनके परिक्रमण का आवर्तकाल 24 घण्टे होता है।

(D) अन्तरिक्ष में गति हीन अवस्था में होता है। (इनकी स्पिन गति को छोडकर)

15. रेडार रिले सिस्टम तथा टेलिविजन के लिए उपयोग किया जाने वाले आवृति बैण्ड है –

(A) UHF (B) VLF (C) VHF (D) EHF

16. पृथ्वी के वायु मण्डल के कौनसे भाग में ऊँचाई बढने के साथ ताप में कमी होती जाती है?

(A) आयनमण्डल (B) समताप मण्डल (Stratosphere)

(C) ट्रोपोस्फीयर (Troposphere) (D) मेसोस्फीयर (Mesosphere)

17. संचार तंत्र का प्रमुख घटक है

(A) प्रेषित व अभिग्राही (B) अभिग्राही व संचार पथ

(C) प्रेषित व अभिग्राही (D) प्रेषित अभिग्राही व संचार पथ

18. 500 cps के ध्वनि आवृति के आयाम माड्यूलित तरंग में वाहक तरंग की उपयुक्त आवृति होगी।

(A) 50 c/s (B) 100 c/s (C) 500 c/s (D) 50000 c/s

19. आयाम माड्यूलेशन में मोड्यूलेशन गुणंक एक से ज्यादा नही होना चाहिए अन्यथा।

(A) तंत्र (असफल) हो जाएगा (B) विकृती उत्पन्न हो जाएगी

(C) प्रवर्धक नष्ट हो जाएगा (D) उपर्युक्त कोई नही

20. एक ऐन्टीना होता है।

(A) प्रेरकीय (B) धारितीय

(C) इसकी अनुनादी आवृति के ऊपर प्रतिरोधी (D) उपरोक्त में से कोई नही

21. एक अनुनादी संचरण रेखा के लिये Q है –

(A) $Q = \frac{\omega}{LR}$ (B) $Q = \frac{\omega R}{L}$ (C) $Q = \frac{L}{R}$ (D) $Q = \frac{\omega L}{R}$

22. व्यवसायिक FM रेडियों के लिये नियुक्त की गई (allotted) आवृत्तियों का परास है–

(A) 88 से 108 MHz तक (B) 88 से 108 kHz तक (C) 8 से 88 MHz तक (D) 88 से 108 GHz तक

DPP No. : C16

Total Marks : 54 **Max. Time : 36 min.**
Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.11 **(3 marks 2 min.)** **[33, 22]**
Assertion and Reason ('–1' negative marking) Q.12 to Q.18 **(3 marks, 2 min.)** **[21, 14]**

1. एक माध्यम में किसी प्रकाश तरंग की आवृत्ति 2×10^{14} Hz है और इसकी तरंगदैर्ध्य 5000 Å है। माध्यम का अपवर्तनांक होगा:
(A) 1.40 (B) 1.50 (C) 3.00 (D) 1.33

2. निम्न में से कौनसी आयाम मोडयूलेशन की सीमाऐ है ?
(A) संकेतो का स्पष्ट रूप से प्राप्त होना (Clear reception)
(B) उच्च क्षमता
(C) छोटी ऑपरेटिंग परास
(D) अच्छी श्रव्य (audio) गुणवत्ता

3. कौन ज्यादा लाभदायक है (i) अनुरूप संचार तंत्र (ii) आंकिक संचार तंत्र :
(A) अनुरूप संचार तंत्र (B) अंकिक संचार तंत्र (C) दोनो समान रूप (D) परिस्थिति पर निर्भर

4. प्रकाशीय तन्तु में ह्रास (Attenuation) का कारण है :
(A) अवशोषण (B) प्रकीर्णन
(C) न अवशोषण और न ही प्रकीर्णन (D) दोनों (A) एवं (B)

5. निम्नलिखित विकल्पों में से कौनसा सही नहीं है ? **[AIEEE 2011, 11 May; 4/120, –1]**
हमें माडुलेशन की आवश्यकता होती हे :
(A) सूचना सिग्नल की संचरण और प्राप्ति के बीच समय अन्तराल को घटाने के लिए।
(B) एन्टीना का आकार घटाने के लिए।
(C) आंशिक बैण्ड चौड़ाई अर्थात् सिग्नल बैण्ड चौड़ाई का केन्द्रीय आवृत्ति से अनुपात घटाने के लिए।
(D) वरण क्षमता में वृद्धि के लिए।

6. एक राडार की शक्ति 1kW है और यह 10 GHz की आवृत्ति पर परिचालित है। यह 500m ऊँचाई पर पहाड़ के एक शीर्ष पर स्थित है। कितनी दूरी पर रखी पृथ्वी (पृथ्वी की त्रिज्या = 6.4×10^6 m) के पृष्ठ पर स्थित वस्तु को यह राडार संसूचित कर सकेगा : **[AIEEE - 2012, 4/120, –1]**
(A) 80 km (B) 16 km (C) 40 km (D) 64 km

7. एक डायोड संसूचक को, 250 पिको फैरड वाले संधारित्र को 100 किलो ओहम के लोड प्रतिरोध के साथ समान्तर क्रम में लगाकर, 60% माडुलेशन वाली आयाम माडुलक तरंग का पता लगाने में प्रयुक्त किया गया है। इसके द्वारा अधिकतम माडुलित आवृति जिसे ज्ञात किया जा सकता है : **[JEE (Main) - 2013; 4/120, –1]**
(A) 10.62 MHz (B) 10.62 kHz (C) 5.31 MHz (D) 5.31 kHz

8. यदि एक वाहक तरंग $c(t) = A \sin\omega_C t$ मोड्युलित संकेत $m(t) = A \sin\omega_m t$ के द्वारा आयाम मोड्युलित है, तब मोड्युलित संकेत $[C_m(t)]$ को प्रदर्शित करने वाली समीकरण तथा इसका मोड्युलेशन सूचकांक होगा **[JEE(MAIN) 2013_ONLINE TEST]**
(A) $C_m(t) = A(1 + \sin\omega_C t)\sin\omega_m t$ तथा 1 (B) $C_m(t) = A(1 + \sin\omega_C t)\sin\omega_m t$ तथा 2
(C) $C_m(t) = A(1 + \sin\omega_m t)\sin\omega_c t$ तथा 1 (D) $C_m(t) = A(1 + \sin\omega_m t)\sin\omega_c t$ तथा 2

9. 5 kHZ आवृत्ति के किसी संकेत (सिग्नल) का 2 mHz आवृत्ति की वाहक तंरग पर आयाम मॉडुलन किया गया है । तो, परिणामी सिग्नल (संकेत) की आवृत्ति होगी : **[JEE(Main)-2015; 4/120, –1]**
(A) 2 MHz केवल (B) 2005 kHz, तथा 1995 kHz
(C) 2005 kHz, 2000 kHz तथा 1995 kHz (D) 2000 kHz तथा 1995 kHz

10. सही कथन चुनियें : **[JEE(Main)-2016; 4/120, –1]**

(A) आयाम माडुलन में उच्च आवृत्ति की वाहक तरंग की आवृत्ति में बदलाव ध्वनि सिग्नल के आयाम के अनुपाती है।
(B) आवृत्ति माडुलन में उच्च आवृत्ति की वाहक तरंग के आयाम में बदलाव ध्वनि सिग्नल के आयाम के अनुपाती है।
(C) आवृत्ति माडुलन में उच्च आवृत्ति की वाहक तरंग के आयाम में बदलाव ध्वनि सिग्नल के आवृत्ति के अनुपाती है।
(D) आयाम माडुलन में उच्च आवृत्ति की वाहक तरंग के आयाम में बदलाव ध्वनि सिग्नल के आयाम के अनुपाती है।

11. आयाम मॉडूलन में ज्यावक्रिय वाहक आवृति को ω_c से तथा सिग्नल आवृति को ω_m से दर्शाते है। सिग्नल की बैण्ड चौडाई $(\Delta\omega_m)$ को इस तरह चुनते है कि $\Delta\omega_m << \omega_c$, निम्न में से कौनसी आवृति मॉडूलित तरंग में नही होगी। **[JEE Main 2017]**

(A) $\omega_c - \omega_m$ (B) ω_m (C) ω_c (D) $\omega_m + \omega_c$

12. **वक्तव्य-1 :** ऊचाई के साथ पृथ्वी के वायुमण्डल की विद्युत चालकता बढती है।
वक्तव्य-2 : उच्च ऊर्जा कण (जैसे γ-किरणे व कॉस्मिक किरणे) अंतरिक्ष से वायुमण्डल में प्रदेश करने पर गैसो के परमाणुओं का आयनन करती है व पृथ्वी पर पहुंचते पहुचते इनकी ऊर्जा घटती जाती है।
(A) वक्तव्य-1 सत्य है, वक्तव्य-2 सत्य है ; वक्तव्य-2, वक्तव्य-1 का सही स्पष्टीकरण है।
(B) वक्तव्य-1 सत्य है, वक्तव्य-2 सत्य है ; वक्तव्य-2, वक्तव्य-1 का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(C) वक्तव्य-1 सत्य है, वक्तव्य-2 असत्य है।
(D) वक्तव्य-1 असत्य है, वक्तव्य-2 सत्य है।

13. **वक्तव्य–I:** चन्द्रमा पर सतह तरंग व आकाश तंरग प्रेक्षित नही हो सकती ।
Comprehension ('–1' negative marking) Q.2 to Q.3	**(3 marks 2 min.)**	**[06, 04]**
Subjective Questions ('–1' negative marking) Q.4 to Q.9	**(4 marks 5 min.)**	**[24, 30]**
Match the Following (no negative marking) Q.10	**(8 marks 6 min.)**	**[08, 06]**

1. साबुन के घोल की फिल्म क्षैतिज में स्थित है। इसके ऊपर एक धागा , लूप के रूप में रखा जाता है। अब यदि लूप के अन्दर की फिल्म को तोड़ा जाता है तथा धागा R त्रिज्या की वृत्ताकार लूप की आकृति ग्रहण कर लेता है। यदि साबुन के घोल का पृष्ठ तनाव T हो धागे में तनाव है–

(A) $\pi R^2/T$ (B) $\pi R^2 T$ (C) $2\pi R T$ (D) $2RT$

अनुच्छेद # 1

U-केशनली की एक भुजा की आन्तरिक त्रिज्या $r_1 = 1$ mm है तथा दूसरी भुजा की आन्तरिक त्रिज्या $r_2 = 2$ mm है। नली में कुछ मात्रा में पारा भरा है तथा एक भुजा निर्वात पम्प से जुड़ी हुई है। पारे का पृष्ठ तनाव तथा घनत्व 480 dyn/cm तथा 13.6 gm/cm^3 है। (स्पर्श कोण $\theta = 180^\circ$ लें) ($g = 9.8$ m/s^2)

2. वायुदाब में अन्तर क्या होगा, जब दोनों भुजाओं में पारा स्तर समान ऊचाँई पर है।

(A) Hg का 3.53 mm (B) Hg का 1.51 mm (C) Hg का 0.51 mm (D) Hg का 5.52 mm

3. कौनसी भुजा पम्प से जुड़ी होनी चाहिए।

(A) 2 mm त्रिज्या वाली भुजा (B) 1mm त्रिज्या वाली भुजा
(C) कोई सी भी भुजा (D) इनमें से कोई नही

4. 1 cm त्रिज्या की पारे की बूंद समान आकार की 10^6 सुक्ष्म बूंदों में टूट जाती है। उत्सर्जित ऊर्जा ज्ञात करो (पारे का पृष्ठ तनाव=32×10^{-2} N/m)

5. दो सीधे समान्तर तारों प्रत्येक की लम्बाई 10 cm तथा इनके बीच की दूरी 0.5 cm है , के बीच पानी की फिल्म बनती है। तारों के बीच की दूरी 1 mm बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्य की गणना करो। पृष्ठ तनाव = 72×10^{-3} N/m है।

6. R त्रिज्या तथा S पृष्ठ तनाव के साबुन के बुलबुले की त्रिज्या को, बिना तापमान परिवर्तन के दुगुना करने के लिए आवश्यक ऊर्जा का मान क्या होगा।

7. निम्न में दाब आधिक्य ज्ञात कीजिए। पारे की बूंद जिसकी 2 mm त्रिज्या है एवं 4 mm त्रिज्या के साबुन के बुलबुले में तथा पानी की टंकी के अन्दर बने हुए 4 mm त्रिज्या वाले वायु के बुलबुले में। पारे का पृष्ठतनाव 0.465 N/m, है। साबुन के घोल तथा पानी का पृष्ठ तनाव क्रमशः , 0.03 N/m तथा 0.076 N/m है।

8. वायुयुक्त बेलन जोकि मूलतः 10^5 N/m^2 दाब पर है, में 2.4×10^{-4} m त्रिज्या का एक साबुन का बुलबुला स्थित है। अब बेलन की वायु को समतापीय रूप से तब तक सम्पीड़ित किया जाता है जब तक बुलबुले की त्रिज्या आधी न रह जाये। अब बेलन में हवा का दाब (atm में) ज्ञात करो। साबुन के घोल का पृष्ठ तनाव 0.08 N/m है।

9. एक बन्द प्रकोष्ठ में, साबुन के पानी के दो बुलबुले A तथा B बन्द है, जिनकी त्रिज्याएँ क्रमशः 2cm तथा 4cm है। इस कोष्ठ के अन्दर वायु को 8 N/m^2 दाब पर रखा गया है। बुलबुले बनाने के लिए उपयोग किये गये पानी का पृष्ठ तनाव 0.04 N/m है। अनुपात n_B/n_A की गणना करें, जहाँ n_A तथा n_B क्रमशः A तथा B बुलबलों में वायु के मोलों की संख्या है। [गुरूत्वाकर्षण के प्रभावों को नगण्य मानें।] **[IIT 2009_4/160, –1]**

10.

स्तम्भ - I	**स्तम्भ- II**
(A) बडी बूंद के छोटी बूंद में विभक्त होने पर	(P) तापमान परिवर्तित होता है।
(B)छोटी बूंदों से बड़ी बूंद के बनने पर	(Q) तापमान नियत रहता है।
(C) द्रव के फेलने पर	(R) पृष्ठिय ऊर्जा परिवर्तित होती है।
(D) बडे साबुन के बुलबुले के समान मोटाई के छोटे साबुन के बुलबुले मे विभक्त हाने पर	(S) पृष्ठीय ऊर्जा अपरिवर्तित रहती है।

DPP No. : C25

Total Marks : 50	**Max. Time : 40 min.**	
Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.3	**(3 marks 2 min.)**	**[09, 06]**
One or more than one options correct type ('–1' negative marking) Q.4 to Q.7	**(4 marks 2 min.)**	**[16, 08]**
Comprehension ('–1' negative marking) Q.8 to Q.10	**(3 marks 2 min.)**	**[09, 06]**
Subjective Questions ('–1' negative marking) Q.11 to Q.14	**(4 marks 5 min.)**	**[16, 20]**

1. जैसा कि चित्र में दिखाया गया है, R त्रिज्या वाली एक बीकर में h ऊँचाई तक पानी भरा है। पानी का घनत्व ρ, पानी का पृष्ठ तनाव T तथा वायुमण्डलीय दाब P_0 है। बीकर के एक व्यास से होकर–जाते हुए पानी के ऊर्ध्वाधर काट ABCD पर विचार करें। इस काट के एक ओर का पानी पर इसके दूसरी ओर के पानी द्वारा लगाया गया बल का परिमाण है – **[JEE 2007, 3/184]**



(A) $\left|2P_0Rh + \pi\ R^2\rho gh - 2RT\right|$ (B) $\left|2P_0Rh + R\rho gh^2 - 2RT\right|$

(C) $\left|P_0\pi R^2 + R\rho gh^2 - 2RT\right|$ (D) $\left|\ P_0\pi R^2 + R\rho gh^2 + 2RT\ \right|$

2. काँच की एक समान नलिका, जिसकी आन्तरिक त्रिज्या (r) है, के दोंनो सिरों को, जो एक जैसे हैं, एक वाल्व के द्वारा पृथक किया गया है। शुरू में यह वाल्व कसकर बन्द है। सिरा–1 पर त्रिज्या r का एक अर्धगोलीय साबुन का बुलबुला है। सिरा–2 पर एक उप–अर्धगोलीय (sub-hemispherical) साबुन का बुलबुला है (चित्र देखें)। वाल्व को खोलने के तुरन्त बाद चित्र : **[JEE -2008 3/163, –1]**



(A) हवा सिरा–1 से सिरा–2 की ओर बहती है। बुलबुलों के आयतन में कोई परिवर्तन नहीं होता।
(B) हवा सिरा–1 से सिरा–2 की ओर बहती है। सिरा–1 पर बुलबुले का आयतन घटता है।
(C) कोई परिवर्तन नहीं होता है।
(D) हवा सिरा–2 से सिरा–1 की ओर बहती है। सिरा–1 पर बुलबुले का आयतन बढ़ता है।

3. छिन्न शंकु (truncated cone) की आकृति वाली काँच की एक केशनली, जिसकी शीर्ष कोण α है, के दो अंत सिरों के अनुप्रस्थ काट की त्रिज्याएँ भिन्न है। केशनली को पानी में उर्ध्वतः डुबाने पर केशनली में पानी h ऊँचाई तक चढ़ जाता है, जहाँ इसकी अनुप्रस्थ काट की त्रिज्या b हैं यदि पानी का पृष्ठ तनाव (surface tension) S, घनत्व ρ तथा काँच के साथ इसका स्पर्श कोण θ हो तब h का मान है (g गुरूत्वीय त्वरण है)



[JEE (Advanced)-2014, 3/60, –1]

(A) $\frac{2S}{b\rho g}\cos(\theta-\alpha)$ (B) $\frac{2S}{b\rho g}\cos(\theta+\alpha)$ (C) $\frac{2S}{b\rho g}\cos(\theta-\alpha/2)$ (D) $\frac{2S}{b\rho g}\cos(\theta+\alpha/2)$

4. जब केशनली को द्रव में डुबोया जाता है तो द्रव न तो केशनली में चढ़ता है और न ही गिरता है ? तो
(A) स्पर्श कोण 90^0 होना चाहिए (B) स्पर्श कोण 90^0 हो सकता है।
(C) द्रव का पृष्ठ तनाव शून्य होना चाहिए। (D) द्रव का पृष्ठ तनाव शून्य हो सकता है।

5. द्रव तथा ठोस के मध्य स्पर्श कोण , गुण है –
(A) द्रव के पदार्थ का (B) ठोस के पदार्थ का
(C) ठोस के द्रव्यमान का (D) ठोस की आकृति का

6. यदि एक द्रव समान ताप पर समान पदार्थ की दो केशनली में समान ऊँचाई पर चढता है तो
(A) दोनों केश नली में द्रव का भार समान होगा
(B) नवचन्द्रक की त्रिज्या समान होगी
(C) इसके लिए केशनलिकाएँ वक्रिय तथा उर्ध्वाधर होगी
(D) खाली केशनलिका पर स्थिर वैद्युर दाब समान होगा

7. माना बाहर की ओर दाब P_0 है तथा साबुन के विलियन का पृष्ठ तनाव T है तथा हम R त्रिज्या के साबुन का बुलबुला फुला रहे है तब

(A) R त्रिज्या के साबुन के बुलबुले के अन्दर दाब $P_0+\frac{4T}{R}$ होगा

(B) R त्रिज्या के साबुन के बुलबुले के अन्दर दाब $P_0+\frac{2T}{R}$ होगा

(C) साबुन के बुलबुले को फुलाने में बाह्य कारक द्वारा किया गया कार्य दाब P_0 से $(P_0+\frac{4T}{R})$ तक बढने के विरूद्ध किये गये कार्य तथा इसकी पृष्ठिय ऊर्जा में वृद्धि के विरूद्ध किये गये कार्य के योग के बराबर होता है।
(D) इनमें से कोई नहीं

अनुच्छेद :

जब आंख में ρ घनत्व की एक तरल दवाई डालनी होती है तो एक ड्रापर की सहायता ली जाती है। ड्रापर के ऊपर लगे बल्ब को दबाने पर ड्रापर के नीचे बने छेद पर एक बूंद बनती है। हम इस बूंद के आकार का आकलन करना चाहते हैं। इसके लिए हम यह मान रहे हैं कि बनने वाली बूंद का आकार गोलीय है, क्योंकि इस आकार में पृष्ठ ऊर्जा में न्यूनतम वृद्धि होती है। बूंद के आकार का निर्धारण करने के लिए हम R त्रिज्या की बूंद पर पृष्ठ तनाव T के कारण कुल ऊर्ध्वाधर बल का आकलन करते हैं। जब यह बल बूंद के भार से कम हो जाता है, बूंद ड्रापर से अलग हो जाती है।

8. यदि ड्रापर के छेद की त्रिज्या r है, तब R त्रिज्या की बूंद पर पृष्ठ तनाव के कारण ऊपर की ओर लगने वाला ऊर्ध्वाधर बल ($r << R$ मानते हुए) नीचे दिये विकल्पों में से कौन सा होगा ? **[IIT 2010; 3/163, –1]**

(A) $2\pi rT$ (B) $2\pi RT$ (C) $\frac{2\pi r^2T}{R}$ (D) $\frac{2\pi R^2T}{r}$

9. यदि $r = 5 \times 10^{-4}$ m, $\rho = 10^3$ kgm^{-3}, g = 10 ms^{-2}, T = 0.11 Nm^{-1}, तो जब बूंद ड्रापर से अलग होती है, उसकी त्रिज्या (लगभग) कितनी होगी, नीचे दिए विकल्पों में से चुनें। **[IIT 2010; 3/163, –1]**

(A) 1.4×10^{-3} m (B) 3.3×10^{-3} m (C) 2.0×10^{-3} m (D) 4.1×10^{-3} m

10. ड्रापर से अलग होने के बाद, बूंद की पृष्ठ ऊर्जा निम्न में से कौन सी है ? **[IIT 2010; 3/163, –1]**

(A) 1.4×10^{-6} J (B) 2.7×10^{-6} J (C) 5.4×10^{-6} J (D) 8.1×10^{-6} J

11. दो एक समान साबुन के बुलबुले प्रत्येक की त्रिज्या r तथा पृष्ठ तनाव T है, को मिलाकर एक नया साबुन का बुलबुला बनाया जाता है जिसकी त्रिज्या R है। दोंनो बुलबुलो के अन्दर की हवा का ताप समान है। यदि वायुमण्डलीय दाब p_0 हो तो पृष्ठ तनाव T का मान p_0, r तथा R के पदों में ज्ञात कीजिए। मानिए कि प्रक्रम समतापीय है।

12. पानी की गोलाकार बूँद की त्रिज्या 1 mm है। यदि पानी का पृष्ठ तनाव 50×10^{-3} न्यूटन / मीटर है, तब गोलाकार बूँद के अन्दर तथा बाहर के दाब में अन्तर ज्ञात करो ।

13. r त्रिज्या की केशनली का एक सिरा पानी में डूबा हुआ है। जब पानी नली में चढ़ेगा तब, सम्बंधित ऊष्मा की मात्रा कितनी उत्पन्न होगी यदि पानी का पृष्ठ तनाव 'T' तथा घनत्व = ρ है। दिया गया है $\frac{T^2}{\rho g} = \frac{2}{\pi}$

14. 'r' त्रिज्या व 'T' पृष्ठतनाव के साबुन के बुलबुले को 'V' वोल्ट का विभव दिया जाता है। यदि नये बुलबुले की त्रिज्या R का इसकी प्रारम्भिक त्रिज्या से सम्बंध निम्न समीकरण से दिया जाता है -
$P_0 [R^3 - r^3] + \lambda T [R^2 - r^2] - \varepsilon_0 V^2 R/2 = 0$, यहां P_0 वायुमण्डलीय दाब है। तब λ ज्ञात करो।

DPP No. : C26

Total Marks : 44	Max. Time : 35 min.	
Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.4	(3 marks 2 min.)	[12, 08]
One or more than one options correct type ('–1' negative marking) Q.5 to Q.6	(4 marks 2 min.)	[08, 04]
Comprehension ('–1' negative marking) Q.7 to Q.10	(3 marks 2 min.)	[12, 08]
Subjective Questions ('–1' negative marking) Q.11 to Q.13	(4 marks 5 min.)	[12, 15]

1. यदि रबर की गेंद एक तालाब में 200 m गहराई पर ले जायी जाती है तो आयतन में 0.1% कमी आती है। यदि जल का घनत्व 1×10^3 kg/m^3 व g = 10 m/s^2 है तो आयतन प्रत्यास्थता N/m^2 में होगा :

(A) 10^8 (B) 2×10^8 (C) 10^9 (D) 2×10^9

2. समान पदार्थ व लम्बाई के परन्तु व्यास अनुपात 1 : 2 के दो तार समान बल से खींचे जाते है। दोनों तारों के लिए खिचने पर प्रति इकाई आयतन स्थितिज ऊर्जा का अनुपात होगा :

(A) 1 : 1 (B) 2 : 1 (C) 4 : 1 (D) 16 : 1

3. एक 2L लम्बाई व 2R त्रिज्या के मोटे क्षैतिज तार के एक सिरे को L लम्बाई व R त्रिज्या वाले एक पतले क्षैतिज तार से वेल्डिंग के द्वारा जोड़ा गया है। इस व्यवस्था के दोंनो सिरों पर बल लगाकर ताना जाता है। पतले व मोटे तारों में विस्तार का अनुपात निम्न है : **[JEE-Advanced-2013, 3/60,–1]**

(A) 0.25 (B) 0.50 (C) 2.00 (D) 4.00

4. कुल आवेश q वाली तेल की एक लघु गोलीय बूंद शांत हवा में, $\frac{81\pi}{7} \times 10^5\ Vm^{-1}$ तीव्रता वाले एक उर्ध्वाधर एक समान विद्युत क्षेत्र में संतुलित है। जब विद्युत क्षेत्र को शून्य कर दिया जाता है, तो बूंद $2 \times 10^{-3}\ ms^{-1}$ के क्रान्तिक वेग से गिरती है। दिया है कि $g = 9.8\ ms^{-2}$, हवा की श्यानता $= 1.8\times 10^{-5}\ N\ sm^{-2}$ तथा तेल का घनत्व $= 900\ kg\ m^{-3}$, q का परिमाण नीचे दिये विकल्पों में से कौन सा है ? **[JEE 2010, 5/237, –2]**

(A) 1.6×10^{-19} C (B) 3.2×10^{-19} C (C) 4.8×10^{-19} C (D) 8.0×10^{-19} C

5. चित्र में प्रदर्शित तार A व B समान पदार्थ के बने है तथा उनकी त्रिज्या r_A व r_B है। m द्रव्यमान का एक गुटका उनके मध्य बंधा है। यदि बल $F = mg/3$ है तो तारों के टुटने के लिए सही विकल्प है।



(A) A, B से पहले टूट जायेगा यदि $r_A < 2r_B$ है।

(B) A, B से पहले टूट जायेगा यदि $r_A = r_B$ है।

(C) A या B कोई भी टूट जायेगा यदि $r_A = 2r_B$ है।

(D) कौनसा तार टूटेगा यह निश्चित करने के लिए A व B की लम्बाई पता होनी चाहिए।

6. लम्बाई L, अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल A व यंग गुणांक Y का एक धातु का तार एक परिवर्ती बल F द्वारा इस प्रकार खींचा जाता है कि F सदैव तार में प्रत्यास्थ प्रतिरोधी बल से थोड़ा अधिक है जबकि तार में विस्तार ℓ है :

(A) F द्वारा किया गया गया कार्य $\frac{YA^2}{L}$ है। (B) F द्वारा किया गया कार्य $\frac{YA\ell^2}{2L}$ है।

(C) तार में संचित प्रत्यास्थ स्थितिज ऊर्जा $\frac{YA\ell^2}{2L}$ है। (D) विस्तार के दौरान ऊष्मा उत्पन्न होती है।

अनुच्छेद # 1

जब एक छड़ या तार पर सम्पीड़न या तनन बल लगाया जाता है तो लम्बाई में परिवर्तन x होता है, जो एक प्रत्यास्थ पदार्थ के लिए बल के समानुपाती है - (हुक का नियम)

$P \propto x$ या $P = kx$

उपरोक्त समीकरण स्प्रिंग की समीकरण जैसी है। लम्बाई L, क्षेत्रफल A व यंग गुणांक Y की एक छड़ के लिए विस्तार x बताया जा सकता है जैसे -

$$x = \frac{PL}{AY} \qquad \text{या} \qquad P = \frac{AY}{L}\,x, \qquad \text{अतः } K = \frac{AY}{L}$$

इस प्रकार लिफ्ट से जुड़ी छड़े या तार स्प्रिंग की तरह मानी जा सकती है। छड़ में संग्रहीत ऊर्जा विकृति ऊर्जा कही जाती है एवं $\frac{1}{2}Px$ के बराबर होती है। लिफ्ट के फर्श पर रखे या गिराये गये भार तारों (केबल्स) में प्रतिबल उत्पन्न करते हैं एवं स्प्रिंग विश्लेषण द्वारा ज्ञात किये जा सकते हैं। यदि लिफ्ट के तार (केबल) पहले से ही खींचे हुए हैं एवं भार रखा या गिराया जाता है तो केबल में अधिकतम विस्तार ऊर्जा संरक्षण द्वारा ज्ञात किया जा सकता है।

7. यदि लम्बाई 4 m, क्षेत्रफल $4cm^2$ व यंग गुणांक $2 \times 10^{10}\ N/m^2$ की एक छड़ 200 kg द्रव्यमान से जुड़ी है तो द्रव्यमान की सरल आवर्त गति की कोणीय आवृत्ति (rad/secमे) बराबर है :–

(A) 1000 (B) 10 (C) 100 (D) 10π

8. उपरोक्त प्रश्न में यदि 10 kg द्रव्यमान छड़ से जुड़े द्रव्यमानहीन आधार पर 99cm ऊँचाई से गिरता है तो छड़ में अधिकतम विस्तार बराबर है - ($g = 10\ m/sec^2$)

(A) 9.9 cm (B) 10 cm (C) 0.99 cm (D) 1 cm

9. उपरोक्त प्रश्न में छड़ में उत्पन्न अधिकतम प्रतिबल बराबर है - (N/m^2)

(A) 5×10^7 (B) 5×10^8 (C) 4×10^7 (D) 4×10^8

10. यदि समान लम्बाई (4m) तथा अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल क्रमशः 2 cm^2 व 4 cm^2 तथा समान यंग गुणांक $2 \times 10^{10}\ N/m^2$ की दो छड़े एक के बाद एक 600 kg द्रव्यमान से जुड़ी है तो निकाय की कोणीय आवृत्ति है -

(A) $\frac{1000}{3}$ (B) $\frac{10}{3}$ (C) $\frac{100}{3}$ (D) $\frac{10\pi}{3}$

11. 0.1kg का एक द्रव्यमान नगण्य द्रव्यमान वाले एक तार से लटका है। इस तार की लम्बाई 1m तथा इसके अनुप्रस्थ परिच्छेद का क्षेत्रफल $4.9 \times 10^{-7}\ m^2$ है। यदि इस द्रव्यमान को थोड़ा सा उर्ध्वाधर नीचे की ओर खींचकर छोडा जाय तो यह 140 rad s^{-1} कोणीय आवृत्ति की सरल आवर्त गति करता है। यदि तार के पदार्थ का यंग गुणांक $n \times 10^9\ Nm^{-2}$ हो तो n का मान है। **[JEE 2010, 3/252]**

12. 4 kg द्रव्यमान के तीन ब्लॉक A, B तथा C चित्रानुसार एक दूसरे से जुडे हुये है। दोनो तारो का अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल $5 \times 10^{-7}\ m^2$ है। सतह घर्षणरहित है। यदि दोनो तारो का यंग गुणांक $2 \times 10^{11}\ N/m^2$ है तो प्रत्येक तार में अनुदैर्ध्य विकृति ज्ञात करों ($g = 10\ m/s^2$)



13. 8 gm cm^{-3} घनत्व वाले दो ठोस गोले P तथा Q का व्यास क्रमशः 1 cm एवं 0.5 cm है। गोले P को 0.8 gm cm^{-3} घनत्व एवं η = 3 poiseulles श्यानत्व (viscosity) वाले एक तरल में गिराया जाता है और गोले Q को 1.6 gm cm^{-3} घनत्व एवसं η = 2 poiseulles श्यानत्व (viscosity) वाले दूसरे तरल में गिराया जाता है। गोले P एवं Q के अंतिम वेगों का अनुपात क्या होगा। **[JEE Advanced 2016]**

DPP No. : C27

Total Marks : 60 **Max. Time : 40 min.**

Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.20 **(3 marks 2 min.) [60, 40]**

1. पीतल की किसी छड़ का व्यास 4 मिमी है तथा यंग प्रत्यास्थता गुणांक $9 \times 10^{10}\ N/m^2$ है। छड़ की लम्बाई में 0.1% वृद्धि करने में निम्न बल की आवश्यकता होगी :

(A) $360\ \pi N$ (B) 36 N (C) $144\ \pi \times 10^3$ N (D) $36\ \pi \times 10^5$ N

2. एक स्टील का तार दृढ़ आधार से ऊर्ध्वाधर लटकाया जाता है। जब वायु में एक भार से भारित किया जाता है तो यह L_a से प्रसारित होता है और जब भार पूर्णतया जल में डूबा है तो विस्तार घटकर L_w रह जाता है तो भार के पदार्थ का आपेक्षिक घनत्व है :

(A) $\frac{L_a}{L_a - L_w}$ (B) $\frac{L_w}{L_a}$ (C) $\frac{L_a}{L_w}$ (D) $\frac{L_w}{L_a - L_w}$

3. समान लम्बाई व अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल के दो तार चित्र में प्रदर्शित है। उनके यंग गुणांक क्रमशः Y_1 व Y_2 है। तुल्य यंग गुणांक होगा :



(A) $Y_1 + Y_2$ (B) $\frac{Y_1 + Y_2}{2}$

(C) $\frac{Y_1 Y_2}{Y_1 + Y_2}$ (D) $\sqrt{Y_1 Y_2}$

4. समान पदार्थ से बने चार तारों के लिए भार–विस्तार ग्राफ चित्र में दिखाये गये है। सबसे पतले तार को किस रेखा से निरूपित किया गया है –



(A) OC
(B) OD
(C) OA
(D) OB

5. 1.0 m भुजा तथा 0.005 m मोटाई की एक वर्गाकार पीतल की प्लेट पर इसकी प्रत्येक छोटी विपरीत भुजाओं पर बल F लगाया जाता है जिसके कारण 0.02 cm का विस्थापन होता है। यदि पीतल का अपरूपण गुणांक 0.4×10^{11} N/m^2 है तो बल F का मान है :

(A) 4×10^3 N (B) 400 N (C) 4×10^4 N (D) 1000 N

6. एक धातु का गुटका 1×10^5 N/m^2 का वायुमण्डलीय दाब अनुभव कर रहा है। जब यही गुटका एक निर्वातित कक्ष में रखा जाता है तो इसके आयतन में आपेक्षिक परिवर्तन है। (धातु का आयतन प्रत्यास्थता गुणांक 1.25×10^{11} N/m^2 है।)

(A) 4×10^{-7} (B) 2×10^{-7} (C) 8×10^{-7} (D) 1×10^{-7}

7. यदि किसी स्प्रिंग को 2 सेमी खींचने पर उसकी स्थितिज ऊर्जा V है तो उसे 10 सेमी खींचने पर उसकी स्थितिज ऊर्जा होगी –

(A) V/25 (B) 5 V (C) V/5 (D) 25 V

8. एक तार को 1mm खींचने में किया गया कार्य 2J है, समान पदार्थ के परन्तु दुगुनी त्रिज्या व आधी लम्बाई के दूसरे तार को 1mm से खींचने में किया गया कार्य जूल में है –

(A) 1/4 (B) 4 (C) 8 (D) 16

9. एक तेल की बूँद वायु में 5×10^{-4} m/s सीमान्त वेग से गिरती है

(i) बूँद की त्रिज्या होगी :

(A) 2.5×10^{-6} m (B) 2×10^{-6} m (C) 3×10^{-6} m (D) 4×10^{-6} m

(ii) इसकी आधी त्रिज्या होने पर सीमान्त वेग होगा : (वायु की श्यानता = $\frac{18 \times 10^{-5}}{5}$ N-s/m^2 , तेल का घनत्व = 900 Kg/m^3 , g = 10 m/s^2, तेल की तुलना में वायु का घनत्व नगण्य है)

(A) 3.25×10^{-4} m/s (B) 2.10×10^{-4} m/s (C) 1.5×10^{-4} m/s (D) 1.25×10^{-4} m/s

10. एक श्यान माध्यम से गुजर रहे एक गोले का सीमान्त वेग है –

(A) गोले की त्रिज्या के सीधे समानुपाती। (B) गोले की त्रिज्या के व्युत्क्रमानुपाती।
(C) गोले की त्रिज्या के वर्ग के अनुक्रमानुपाती। (D) गोले की त्रिज्या के वर्ग के व्युत्क्रमानुपाती।

11. एक ठोस गोला वायु में 10 मी/से. सीमान्त वेग से गिरता है। यदि इसको निर्वात में गिराया जाये –

(A) सीमान्त वेग 10 m/s से अधिक होगा (B) सीमान्त वेग 10 m/s से कम होगा
(C) सीमान्त वेग 10 m/s होगा। (D) वहां कोई सीमान्त वेग नहीं होगा

12. R त्रिज्या की गोल गेंद η श्यानता के किसी श्यान तरल में वेग v से गिर रही है। गोल गेंद पर कार्यरत मंदक श्यान बल है। **[AIEEE 2004, 3/225, –1]**

(A) R के अनुक्रमानुपाती परन्तु v के व्युत्क्रमानुपाती (B) R तथा v दोनो के अनुक्रमानुपाती
(C) R तथा v दोनों के व्युत्क्रमानुपाती (D) R के व्युत्क्रमानुपाती परन्तु v के अनुक्रमानुपाती

13. यदि किसी तार के पदार्थ की प्रतिबल 'S' तथा यंग प्रत्यास्थता गुणांक 'Y' है, तो तार के प्रति एकांक आयतन में संचित ऊर्जा है : **[AIEEE 2005, 3/225, –1]**

(A) $2S^2Y$ (B) $\frac{S^2}{2Y}$ (C) $\frac{2Y}{S^2}$ (D) $\frac{S}{2Y}$

14. यदि एक श्यान द्रव (घनत्व = 1.5 किग्रा/मी^{3}) में सोने के एक गोले (घनत्व = 19.5 किग्रा/मी^{3}) की सीमान्त चाल 0.2 मी/से हो, तब उसी आकार के एक चॉदी के गोले (घनत्व = 10.5 किग्रा/मी^{3}) की उसी श्यान द्रव में सीमान्त चाल की गणना कीजिए। **[AIEEE 2006, 3/165, –1]**

(A) 0.4 मी/से (B) 0.133 मी/से (C) 0.1 मी/से (D) 0.2 मी/से

15. एक तार में ℓ मिमी से वृद्धि होती है जब एक भार W इससे लटकाया जाता है। यदि तार एक घिरनी के ऊपर से गुजरता हो और दोनो सिरों पर दो भार प्रत्येक W के लटकाए जाएँ, तब तार की लम्बाई में वृद्धि होगी (मिमी में) : **[AIEEE 2006, 3/165, –1]**

(A) ℓ (B) 2ℓ (C) zero (D) $\ell/2$

16. आयतन V की कोई ठोस गोल गेंद ρ_1 घनत्व के पदार्थ से बनी है। यह ρ_2 घनत्व ($\rho_2 < \rho_1$). के द्रव में गिर रही है। यह मान लीजिए कि द्रव गेंद पर श्यान बल लगाता है जो गेंद की चाल v के वर्ग के अनुक्रमानुपाती है, अर्थात $F_{\text{श्यान}} = -kv^2$ (k > 0) गेंद की सीमान्त चाल है **[AIEEE-2008, 3/105]**

(A) $\frac{Vg\rho_1}{k}$ (B) $\sqrt{\frac{Vg\rho_1}{k}}$ (C) $\frac{Vg(\rho_1-\rho_2)}{k}$ (D) $\sqrt{\frac{Vg(\rho_1-\rho_2)}{k}}$

17. दो तार एक ही पदार्थ के बने हैं और एक समान आयतन रखते हैं। परन्तु तार 1 का अनुप्रस्थ परिच्छेद क्षेत्रफल A एवं तार 2 का अनुप्रस्थ परिच्छेद क्षेत्रफल 3A है। यदि बल F लगाने पर तार 1 की लम्बाई में Δx की वृद्धि होती है, तब तार 2 में वही वृद्धि करने के लिए कितने बल की आवश्यकता होगी? **[AIEEE-2009, 4/144]**

(A) 4F (B) 6F (C) 9F (D) F

18. यदि पानी (श्यानता गुणांक $\eta_{water} = 8.5 \times 10^{-4}$ Pa.s) से भरे टैंक में एक स्टील (घनत्व p = 7.8 g cm^{-3}) की गेंद गिरने पर 10 cm s^{-1} के सीमान्त वेग से चलती है, तब ग्लिसरीन (p = 1.2 g cm^{-3}, η= 13.2 Pa.s) में इसका सीमान्त वेग लगभग होगा : **[AIEEE 2011, 11 May; 4, –1]**

(A) 6.25×10^{-4} cm s^{-1} (B) 6.45×10^{-4} cm s^{-1} (C) 1.5×10^{-5} cm s^{-1} (D) 1.6×10^{-5} cm s^{-1}

19. 10 cm लम्बाई के एक स्टील के तार के सिरो पर जब तापमान में वृद्धि 100°C की जाती हैं तब इसकी लम्बाई स्थिर रखने के लिए सिरो पर लगाया गया दाब है : **[JEE- Main 2014]**

(स्टील का यंग प्रत्यास्थता गुणांक 2×10^{11} N m^{-2} और रेखिक प्रसार गुणांक 1.1×10^{-5} K^{-1} हैं)

(A) 2.2×10^8 Pa (B) 2.2×10^9 Pa (C) 2.2×10^7 Pa (D) 2.2×10^6 Pa

20. किसी एक समान तार का अनुप्रस्थकाट का क्षेत्रफल A हैं। इससे बनाये गये एक लोलक का आवर्तकाल T है। इस लोलक के गोलक से एक अतिरिक्त M द्रव्यमान जोड़ देने से लोलक का आवर्तकाल परिवर्तित होकर T_M हो जाता है। यदि इस तार के पदार्थ का यंग गुणांक Y हो तो $\frac{1}{Y}$ का मान होगा : (g = गुरूत्वीय त्वरण) **[JEE(Main)-2015; 4/120, –1]**

(A) $\left[\left(\frac{T_M}{T}\right)^2 - 1\right]\frac{A}{Mg}$ (B) $\left[\left(\frac{T_M}{T}\right)^2 - 1\right]\frac{Mg}{A}$ (C) $\left[1-\left(\frac{T_M}{T}\right)^2\right]\frac{A}{Mg}$ (D) $\left[1-\left(\frac{T}{T_M}\right)^2\right]\frac{A}{Mg}$

DPP No. : C28

Total Marks : 40	**Max. Time : 33 min.**	
Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.3	**(3 marks 2 min.)**	**[09, 06]**
One or more than one options correct type ('–1' negative marking) Q.4	**(4 marks 2 min.)**	**[04, 02]**
Comprehension ('–1' negative marking) Q.5 to Q.9	**(3 marks 2 min.)**	**[15, 10]**
Subjective Questions ('–1' negative marking) Q.10 to Q.12	**(4 marks 5 min.)**	**[12, 15]**

1. लम्बाई 2 m व अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल 2.0 cm^2 की एक पीतल की छड़ एक सिरे से लम्बाई L व अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल 1.0 cm^2 की एक स्टील की छड़ से जुड़ी है। संयुक्त छड़ को परिमाण 5×10^4 N का बल दोनों सिरों पर बराबर एवं विपरीत दिशा में लगाकर खींचा जाता है। यदि दोनों छड़ो का विस्तार समान है तब स्टील की छड़ की लम्बाई (L) है ($Y_{\text{पीतल}} = 1.0 \times 10^{11}$ N/m^2 तथा $Y_{\text{स्टील}} = 2.0 \times 10^{11}$ N/m^2)

(A) 1.5 m (B) 1.8 m (C) 1 m (D) 2 m

2. यदि स्टील व पीतल के तारों की लम्बाई, त्रिज्या व यंग गुणांको का अनुपात क्रमशः a, b व c है तो इनके संगत उनकी लम्बाई में वृद्धि का अनुपात होगा :



(A) $\frac{2ac}{b^2}$ (B) $\frac{3a}{2b^2c}$

(C) $\frac{3c}{2ab^2}$ (D) $\frac{2a^2c}{b}$

3. किसी तापमान पर क्रमशः l_1 तथा l_2 लम्बाई की दो पतली छड़ों को एक दूसरे के साथ सिरों से जोड़ा जाता है, अब संयुक्त छड़ को θ तापमान से गर्म किया जाता है। यदि दोनों छड़ों के रेखीय प्रसार गुणांक क्रमशः α_1 तथा α_2 हो तो संयुक्त छड़ का उभयनिष्ठ रेखीय प्रसार गुणांक ज्ञात कीजिए।

(A) $\frac{\alpha_1+\alpha_2}{2}$ (B) $\sqrt{\alpha_1.\alpha_2}$ (C) $\frac{I_1\alpha_2+I_2\alpha_1}{I_1+I_2}$ (D) $\frac{I_1\alpha_1+I_2\alpha_2}{I_1+I_2}$

4. ℓ लम्बाई के एक धात्विक तार को दो आधारों के बीच में कुछ तनाव के साथ बांधा जाता है। तार को $\theta°$ तापमान से ठण्डा किया जाता है। माना तार के लिए Y यंग गुणांक, ρ घनत्व तथा α तापीय रेखीय प्रसार गुणांक हो तो इस तार के दौलनों की आवृत्ति समानुपाती होगी।

(A) $\sqrt{Y}$ (B) $\sqrt{\theta}$ (C) $\frac{1}{\ell}$ (D) $\sqrt{\frac{\alpha}{\rho}}$

अनुच्छेद-2

श्यानता द्रव का वह गुण है जिसके कारण वह स्पर्शरेखीय बल के प्रभाव में विरूपण के लिए प्रतिरोध प्रदान करता है।



दिये गये चित्र में जैसे–जैसे प्लेट गति करती है। द्रव के कण स्थिति 1 से स्थिति 2 की ओर आगे गति करते हैं, परन्तु पेंदे पर उपस्थित कण स्थिर रहते हें। यदि प्लेट व पेंदे के मध्य अन्तराल अल्प है तो प्लेट व पेंदे के मध्य द्रव कण दर्शाये गये रेखीय वेग वितरण वक्र के अनुसार गति करते हैं, नहीं तो वेग वितरण परवलयिक हो सकता है। न्यूटन के श्यानता के नियम के अनुसार स्पर्श रेखीय बल, विरूपण की समय के साथ–साथ परिवर्तन की दर से संबंधित है -

$\frac{F}{A} \alpha \frac{d\theta}{dt}$ परन्तु $y\frac{d\theta}{dt} = u, \frac{d\theta}{dt} = \frac{u}{y}$

तो $F = \eta A \frac{u}{y}$, η = श्यानता गुणांक

अरैखिक वेग वितरण के लिए -

$F = \eta A \frac{du}{dy}$

जहाँ $\frac{u}{y}$ या $\frac{du}{dy}$ वेग प्रवणता कही जाती है।

5. दिये गये चित्र में यदि 2N बल प्लेट के वेग को नियत बनाये रखने के लिए आवश्यक है तो नियतांक C_1 व C_2 के मान हैं



(A) 100, 100 (B) 0 , 100 (C) 200 , 0 (D) 0 , 200

6. उपरोक्त प्रश्न में प्लेट की नियत चाल का मान (m/sec में) है -

(A) 0 (B) 4 (C) 2 (D) 1

7. यदि वेग वितरण परवलयिक है –

$u = c_1y^2 + c_2y + c_3$



2N के उसी बल एवं प्लेट की चाल 2 m/sec के लिए, नियतांक C_1, C_2 व C_3 हैं -

(A) 200, 200 , 0 (B) 5000 , 200 , 0 (C) 5000 , 0 , 0 (D) 500, 200 , 0

8. उपरोक्त प्रश्न में प्लेट के ठीक नीचे वेग प्रवणता है - (प्रति सेकण्ड में)

(A) Zero (B) 100 (C) 500 (D) 200

9. पेंदे के ठीक नजदीक वेग प्रवणता है –

(A) शून्य (B) 100 (C) 500 (D) 200

10. एक छड़ का अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल $\left[1+\frac{x^2}{100}\right]$ cm² से दिया जाता है, जहां 'x' एक सिरे से दूरी है। यदि 10 cm की लम्बाई पर '20 k N' भार के कारण विस्तार $\lambda \times 10^{-3}$ cm है तब λ ज्ञात करो।

$Y = 2 \times 10^5$ N/mm² .

11. चित्र में प्रदर्शित 796 mm व्यास व 200 mm लम्बाई का एक पिस्टन 800 mm व्यास के बेलन में कार्य करता है। यदि वलयाकार रिक्त स्थान 5 सेन्टीपॉइज श्यानता के स्नेहक तेल से भरा जाता है तो पिस्टन के ऊर्ध्वाधर स्थिति में नीचे आने की नियत चाल (नजदीकी पूर्णांक) (m/s में) की गणना करो। पिस्टन का भार व अक्षीय भार कुल 9.8 N है।



12. अनुप्रस्थ काट A की एक छड़ पर समान व विपरीत तनन बल F इसके सिरों पर लगाया जाता है। छड़ के लम्बवत् तल से θ कोण बनाने वाले तल पर विचार कीजिए।



(a) इस तल पर F, A व θ के पदों में तनन प्रतिबल क्या है ?

(b) इस तल पर F, A व θ के पदों में अपरूपण प्रतिबल क्या है ?

(c) θ के किस मान के लिए तनन प्रतिबल अधिकतम है ?

(d) θ के किस मान के लिए अपरूपण प्रतिबल अधिकतम है ?

DPP No. : C29 (JEE-Advanced)

Total Marks : 43		**Max. Time : 35 min.**
Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.6	**(3 marks, 2 min.)**	**[18, 12]**
One or more than one options correct type ('–1' negative marking) Q.7	**(4 marks 2 min.)**	**[04, 02]**
Comprehension ('–1' negative marking) Q.8 to Q.10	**(3 marks 2 min.)**	**[09, 06]**
Subjective Questions ('–1' negative marking) Q.11 to Q.13	**(4 marks 5 min.)**	**[12, 15]**

1. एक वाष्पक (Boiler) 2.4 mm मोटी तांबे की प्लेट से बना है जिसके अन्दर 0.2 mm मोटी टिन की परत है। 400 cm^2 का पृष्ठीय क्षेत्रफल 700°C की गैसों के संपर्क में है। वायुमण्डलीय दाब पर प्रति घण्टा उत्पन्न वाष्प की अधिकतम मात्रा है। (K_{cu} = 0.9 और K_{tin} = 0.15 cal/cm/s/°C और L_{steam} = 540 cal/g)

(A) 5000 Kg (B) 1000 kg (C) 4000 kg (D) 200 kg

2. एक झील की सतह वातावरण में खुली है जहाँ ताप < 0°C है। सतह पर बनी बर्फ की परत की मोटाई 2 सेमी से 4 सेमी. तक बढ़ने में 1 घण्टा लगता है तो, वातावरण का ताप T_a होगा (बर्फ की ऊष्मा चालकता K = 4 x 10^{-3} cal/cm/s/°C; बर्फ का घनत्व = 0.9 gm/cc. है। बर्फ के गलन की गुप्त ऊष्मा = 80 cal/gm है। अवस्था परिवर्तन में घनत्व परिवर्तन को नगण्य मानिये। बर्फ के नीचे जल का ताप प्रत्येक स्थान पर 0ºC मानिये।)

(A) – 20 °C (B) 0 °C (C) – 30 °C (D) – 15 °C

3. एक खिड़की के दरवाजे के दो नमूने (Model) बनाये जाते है। एक नमूने में 3 mm मोटे एक जैसे दो कांच 3 mm के वायु अन्तराल द्वारा अलग करके लगाये जाते हैं यह पूरा निकाय कमरे की एक खिड़की में लगाया जाता है। दूसरे नमूने में केवल 6 mm मोटा एक कांच लगाया जाता है। इसके व प्रथम नमूने दोनों में तापान्तर समान है तो दोहरे कांच व इकहरे कांच वाले दरवाजे से ऊष्मा प्रवाह का अनुपात है

(K_{glass} = 2.5 × 10^{-4} cal/s.m. °C and K_{air} = 6.2 × 10^{-6} cal/s.m.°C)

(A) 1/20 (B) 1/70 (C) 31/1312 (D) 31/656

4. दो समरूपी आयताकार गुटकों को दर्शाये चित्रानुसार दो विन्यासों I और II में व्यवस्थित किया गया है। गुटकों की ऊष्मा चालकता k व 2k है। दोंनो विन्यासों में x–अक्ष के दोंनो छोरों पर तापमान का अन्तर समान है। विन्यास I में, ऊष्मा की एक निश्चित मात्रा गरम छोर से ठण्डे छोर तक अभिगमन में 9s लेती है। विन्यास II में, समान मात्रा की ऊष्मा के अभिगमन के लिए समय है : **[JEE(Advanced)-2013,3/60,–1]**



(A) 2.0 s (B) 3.0 s (C) 4.5 s (D) 6.0 s

5. तांबे, ऐल्यूमिनियम व पीतल से बनी धातु की तीन छड़ों को सिरे से सिरे द्वारा जोड़कर ऐल्यूमिनियम को अन्य दो के मध्य रखा जाता है। प्रत्येक की लम्बाई 20 सेमी तथा व्यास 4 सेमी है। तांबे व पीतल के मुक्त सिरों के ताप क्रमशः 100°C व 0°C रखे जाते हैं। यह मानिये कि तांबे की ऊष्मीय चालकता ऐल्यूमिनियम की दुगुनी व पीतल की चार गुनी है। तांबा–ऐल्युमिनियम व ऐल्यूमिनियम–पीतल संधियों के ताप साम्यावस्था में क्रमशः है (लगभग) –



(A) 68 °C तथा 75 °C (B) 75 °C तथा 68 °C (C) 57 °C तथा 86 °C (D) 86 °C तथा 57 °C

6. एक घनाकार बन्द बक्सा पूर्ण रूप से कुचालक पदार्थ की 8 सेमी मोटी दीवारों से बना है एवं ऊष्मा के अन्दर जाने या बाहर निकलने के लिए धातु के दो ठोस बेलनाकार धात्विक प्लग आमने सामने की दीवारों पर लगें है प्रत्येक का अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल 12 सेमी^{2} व लम्बाई 8 सेमी है। एक प्लग की बाह्य सतह A, 100°C पर रखी जाती है जबकि दूसरे प्लग की बाह्य सतह B, 4°C पर रखी जाती है। प्रत्येक प्लग के पदार्थ की ऊष्मीय चालकता 0.5 cal/°C/cm है। 36 cal/s ऊर्जा उत्पन्न कर रहा एक स्त्रोत बक्से के अन्दर बन्द है। आन्तरिक सतह के सभी बिन्दुओं का ताप समान मानते हुए बक्से की आन्तरिक सतह का साम्यावस्था ताप है –



(A) 62 °C (B) 46 °C (C) 76 °C (D) 52 °C

7. दो समरूप छड़ें दो अलग धातुओं A तथा B की बनी हुई क्रमशः K_A तथा K_B ऊष्मीय चालकता के साथ सिरे से सिरे पर जोड़ी गई है। A का मुक्त सिरे पर तापमान T_1 है जबकि B के मुक्त सिरे पर तापमान T_2 ($< T_1$) है। इसलिए साम्यावस्था की स्थिति में

(A) सन्धि का तापमान केवल K_A तथा K_B द्वारा निर्धारित होगा।

(B) यदि छड़ की लम्बाई को दुगुना कर दें तो ऊष्मा प्रवाह की दर आधी होगी

(C) यदि दोनों मुक्त सिरो पर तापमान आपस में बदल दें, तो सन्धि का तापमान बदलेगा

(D) संयुक्त छड़ की तुल्य तापीय चालकता $\frac{2K_AK_B}{K_A+K_B}$ है।

अनुच्छेद

चार परतो वाली दीवार की अनुप्रस्थ काट चित्र में प्रदर्शित है। जिनकी ऊष्मीय चालकता K_1 = 0.06 W/mK; K_3 = 0.04 W/mK तथा K_4 = 0.10 W/mK है। संपर्क सतहों का तापमान चित्र में प्रदर्शित है। परतो की मोटाई L_1 = 1.5 cm; L_3 = 2.8 cm तथा L_4 = 3.5 cm है। दीवार से ऊर्जा प्रवाह नियत है।



8. परत 3 और 4 की सम्पर्कित सतह पर तापमान है :

(A) – 1°C (B) – 3°C (C) 2°C (D) 0°C

9. परत 2 व 3 के मध्य सम्पर्कित सतह का तापमान है :

(A) 11°C (B) 8°C (C) 7.2°C (D) 5.4°C

10. यदि L_2 परत की मोटाई 1.4 सेमी० हो तो इसकी ऊष्मीय चालकता K_2 का मान (W/mK में) होगा :

(A) 2×10^{-2} (B) 2×10^{-3} (C) 4×10^{-2} (D) 4×10^{-3}

11. 1.0 m लम्बाई की स्टील की छड़ (K = 42 J/m–s–ºC) का एक सिरा 0ºC पर बर्फ में रखा जाता है तथा दूसरा सिरा 100°C पर उबलते जल में रखा जाता है। छड़ का अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल 0.04 cm^2 है। यह मानते हुये कि वातावरण में ऊष्मीय हानि नहीं होती है, तो प्रति सेकण्ड पिघल रहे बर्फ का द्रव्यमान ज्ञात कीजिये। बर्फ के गलन की गुप्त ऊष्मा = 3.36×10^5 J/kg है।

12. ऊष्मीय प्रतिरोध 5.0 K/W की एक छड़ CD एकसमान छड़ AB के मध्य में चित्रानुसार जोड़ी जाती है। सिरे A, B तथा D का ताप क्रमशः 100ºC, 0ºC व 25ºC हैं। CD में ऊष्मीय धारा ज्ञात करो।



13. अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल 1.0 cm^2 की एक धातु की छड़ एक सिरे पर गर्म की जाती है। किसी समय अनुप्रस्थ काट A पर ताप प्रवणता 5.0°C/सेमी एवं अनुप्रस्थ काट B पर ताप प्रवणता 2.6 °C/सेमी. है। वह दर ज्ञात कीजिये जिस पर छड़ के AB भाग में ताप बढ़ रहा है। भाग AB की ऊष्मीय धारिता 0.40 J/°C, छड़ के पदार्थ की ऊष्मीय चालकता 200 W/m–°C है। वातावरण में ऊष्मा हानि को नगण्य मानिये।

DPP No. : C30 (JEE-Advanced)

Total Marks : 53		**Max. Time : 47 min.**
Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.7	**(3 marks, 2 min.)**	**[21, 14]**
One or more than one options correct type ('–1' negative marking) Q.8	**(4 marks 2 min.)**	**[04, 02]**
Subjective Questions ('–1' negative marking) Q.9 to Q.13	**(4 marks 5 min.)**	**[20, 25]**
Match the Following (no negative marking) Q.14	**(8 marks, 6 min.)**	**[08, 06]**

1. आन्तरिक त्रिज्या R_1 व बाह्य त्रिज्या R_2 के एक गोलीय कोश के द्वारा ऊष्मा त्रिज्यीय बाहर की ओर प्रवाहित होती है। यदि कोश की आन्तरिक सतह का ताप θ_1 तथा बाहरी सतह का θ_2 है। कोश के केन्द्र से त्रिज्यीय दूरी जहाँ ताप θ_1 व θ_2 का माध्य है–

(A) $\frac{R_1+R_2}{2}$ (B) $\frac{R_1 R_2}{R_1+R_2}$ (C) $\frac{2 R_1 R_2}{R_1+R_2}$ (D) $R_1 + \frac{R_2}{2}$

2. तीन भिन्न–भिन्न भाग A_1, A_2 तथा A_3 जिनके क्षेत्रफल समान हैं, को कृष्णिका के ऊर्जा वितरण वक्र पर चित्रानुसार दिखाया गया है। अगर n_1, n_2 तथा n_3 क्रमशः प्रति एकांक समय में प्रत्येक क्षेत्रफल भाग से उत्सर्जित फोटॉन हैं तो–



(A) $n_2 > n_1 > n_3$ (B) $n_3 > n_1 > n_2$ (C) $n_1 = n_2 = n_3$ (D) $n_3 > n_2 > n_1$

3. पृथ्वी सूर्य से ऊर्जा प्राप्त करती है, सूर्य का तापमान T_s तथा त्रिज्या R है। माना पृथ्वी की त्रिज्या r तथा इसकी सूर्य से दूरी d है। पृथ्वी तथा सूर्य दोनों एक आदर्श कृष्ण वस्तु की तरह व्यवहार करती है, तथा पृथ्वी T_e तापमान पर तापीय साम्यावस्था में है। यदि सूर्य का तापमान $T_s = xT_e$ हो तो x का मान क्या होगा।

(A) $\sqrt{\frac{2d}{R}}$ (B) $\sqrt{\frac{2R}{r}}$ (C) $\sqrt{\frac{4d}{r}}$ (D) $\frac{d}{r}$

4. प्रदर्शित चित्र में अधिकतम उत्सर्जन क्षमता एवं सूर्य के विकीरणों की तरंगदैर्ध्य, वेल्डिंग (welding) ज्वाला की तरंगदैर्ध्य एवं टंगस्टन तन्तु द्वारा उत्सर्जित तरंगदैर्ध्यो के मध्य ग्राफ प्रदर्शित किया गया है निम्न में से कौनसा विकल्प सही ग्राफ को प्रदर्शित करता है।



(A) 1- टंगस्टन तन्तु , 2 → वेल्डिंग (welding) ज्वाला , 3 → सूर्य
(B) 2- टंगस्टन तन्तु , 3 → वेल्डिंग (welding) ज्वाला , 1 → सूर्य
(C) 3- टंगस्टन तन्तु , 1 → वेल्डिंग (welding) ज्वाला , 2 → सूर्य
(D) 2- टंगस्टन तन्तु , 1 → वेल्डिंग (welding) ज्वाला , 3 → सूर्य

5. सूर्य को TK तापमान पर R त्रिज्या की एक गोलीय वस्तु मानकर, सूर्य से r दूरी पर पृथ्वी पर आपतित सम्पूर्ण विकिरित शक्ति की गणना कीजिए। (पृथ्वी की त्रिज्या = r_0) **(AIEEE-2006; 3/180)**

(A) $\frac{R^2\sigma T^4}{r^2}$ (B) $\frac{4\pi r_0^2 \ R^2\sigma T^4}{r^2}$ (C) $\frac{\pi r_0^2 \ R^2\sigma T^4}{r^2}$ (D) $\frac{r_0^2 \ R^2\sigma T^4}{4\pi r^2}$

6. एक ऊष्मारोधी छड का एक सिरा T_1 ताप पर और दूसरा सिरा T_2 ताप पर है। छड़ क्रमशः L_1 और L_2 लम्बाई और k_1 और k_2 ऊष्मा चालकताओं की छड़ो को संयोग है दोनों भागों की सन्धि का ताप है।



(AIEEE-2007; 3/120)

(A) $\frac{(K_2 \ L_2 \ T_1 + K_1 \ L_1 T_2)}{(K_1L_1 + K_2L_2)}$ (B) $\frac{(K_2 \ L_1 \ T_1 + K_1 \ L_2 T_2)}{(K_2L_1 + K_1L_2)}$

(C) $\frac{(K_1 \ L_2 \ T_1 + K_2 \ L_1 T_2)}{(K_1L_2 + K_2L_1)}$ (D) $\frac{(K_1 \ L_1 \ T_1 + K_2 \ L_2 T_2)}{(K_1L_1 + K_2L_2)}$

7. ताँबे, पीतल एवं स्टील की तीन छड़ों को Y-आकार संरचना में वेल्ड किया गया है। प्रत्येक छड़ की अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल = 4 cm^2 है। ताँबे की छड़ के सिरे का तापमान 100°C है जबकि पीतल एवं स्टील के सिरे 0°C तापमान पर रखे गये है। ताँबें, पीतल एवं स्टील की छड़ों की लम्बाईयाँ क्रमशः 46, 13 तथा 12 cms हैं। छड़ों को उनके सिरों को छोड़कर, वातावरण से ऊष्मीय रोधी किया गया है। ताँबें, पीतल एवं स्टील की ऊष्मा चालकताएँ क्रमशः 0.92, 0.26 एवं 0.12 CGS इकाई है। ताँबे की छड़ से प्रवाहित ऊष्मा की दर है। **[JEE (Main) 2014, 4/120, –1]**

(A) 1.2 cal/s (B) 2.4 cal/s (C) 4.8 cal/s (D) 6.0 cal/s

8. अलग–अलग ताप चालकताओं (K के मात्रक में) तथा अलग–अलग साइजों (L के मात्रक में) के A, B, C, D व E स्लैबों (slabs) को चित्र में दर्शाये अनुसार जोड़ा गया है। सब स्लैबों की चौड़ाई समान है। ऊष्मा 'Q' का चालन सिर्फ A से E की दिशा में है। तब साम्यावस्था में **[JEE, 2011, 4,/160]**



(A) A व E स्लैबों में से चालित ऊष्मा बराबर है।
(B) अधिकतम ऊष्मा चालन स्लैब E में से है।
(C) न्यूनतम तापमान–अन्तर E स्लैब के फलकों के बीच है।
(D) C में से ऊष्मा चालन = B में से ऊष्मा चालन + D में से ऊष्मा चालन

9. आन्तरिक त्रिज्या $R_1 = 0.25$ मी. व बाह्य त्रिज्या $R_2 = 0.50$ मी. का खोखला चालक गोला $T_0 = 1000$ ºC ताप के ऊष्मीय कुण्ड (reservoir) के अन्दर रखा जाता है। प्रारम्भ में गोलीय कोश में 0ºC पर जल भरा जाता है। पदार्थ की ऊष्मीय चालकता $k = \frac{10^2}{4\pi}$ W/m-K है इसकी ऊष्मीय धारिता नगण्य है। जल का ताप 100ºC तक बढ़ने मे लगा समय 1100 K $\ell n \frac{10}{9}$ sec है तो K ज्ञात कीजिये। जल की विशिष्ट ऊष्मा s = 4.2 kJ/kg.°C, जल का घनत्व $d_w = 1000$ kg/m^3, $\pi = \frac{22}{7}$ है



10. धातु की 10x लम्बाई वाली छड़ AB का एक छोर A 0ºC पर रखी बर्फ में तथा दूसरा छोर B 100ºC पर रखे पानी में रखा गया है। इस छड़ के एक अन्य बिन्दु P को 400ºC के स्थिर तापमान पर रखा जाता है। पाया जाता है कि A छोर पर प्रति इकाई समय में पिघलने वाली बर्फ का द्रव्यमान तथा B छोर पर प्रति इकाई समय में वाष्पित होने वाले जल का द्रव्यमान बराबर है। पानी के वाष्पीकरण तथा बर्फ के पिघलने की गुप्त ऊष्माएँ, क्रमशः 540 cal/g तथा 80 cal/g है। यदि P की दूरी बर्फ वाले छोर से λx हो, तो λ का मान निकालें। [वातावरण में होने वाली ऊष्मा की हानि को नगण्य मानें।]

[JEE, 2009, 4,/160, –1]

11. एक 5 सेमी. त्रिज्या के धातु के गोले के चारों ओर 20 सेमी त्रिज्या का धातु का संकेन्द्रीय खोखला गोला है। दोनों गोलों के मध्य अधात्वीय पदार्थ भरा है। आन्तरिक एवं बाह्य गोले क्रमशः 50°C व 10°C पर रखे जाते है एवं यह पाया जाता है कि आन्तरिक गोले से बाह्य गोले की ओर 160 π जूल ऊष्मा प्रति सेकण्ड त्रिज्यीय रूप से प्रवाहित होती है। दोनों गोलों के मध्य के पदार्थ की ऊष्मीय चालकता ज्ञात कीजिये।

12. 1 सेमी^{2} पृष्ठीय क्षेत्रफल की एक कृष्णिका एक बन्द पात्र में रखी है। बन्द पात्र का नियत ताप 27ºC है एवं कृष्णिका को विद्युत द्वारा ऊष्मा देकर 327ºC पर रखा जाता है ताप को बनाये रखने के लिए कितनी विद्युत शक्ति चाहिये ?
$\sigma = 6.0 \times 10^{-8}$ W/m^2 –K^4.

13. उस ताप का अनुमान लगाइये जिस पर वस्तु नीली या लाल दिखाई देती है। इनके लिये $\lambda_{\text{माध्य}}$ क्रमशः 5000 Å एवं 7500 Å है। [दिया गया है वीन का नियतांक b = 0.3 cm K]

14. असमरूप अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल की एक तांबें की छड़ (प्रारम्भ में कमरे के तापमान 20°C पर) को भाप के कोष्ठ (100°C पर) तथा बर्फ–पानी कोष्ठ (0°C पर) के बीच रखा गया है :–



(A) प्रारम्भिक ऊष्मा प्रवाह की दर $\left(\frac{dQ}{dt}\right)$ होगी — (p) भाग A पर अधिकतम

(B) स्थायी अवस्था में ऊष्मा प्रवाह की $\left(\frac{dQ}{dt}\right)$ दर होगी — (q) भाग B पर अधिकतम

(C) स्थायी अवस्था में तापमान प्रवणता $\left|\left(\frac{dT}{dx}\right)\right|$ होगा — (r) भाग A पर न्यूनतम

(D) स्थायी अवस्था पर तापमान में परिवर्तन की दर किसी $\left(\frac{dT}{dt}\right)$ बिन्दु पर होगी — (s) भाग B पर न्यूनतम

(t) सभी भागों के लिए समान

DPP No. : C31 (JEE-Advanced)

Total Marks : 37		Max. Time : 31 min.
Single choice Objective ('–1' negative marking) Q.1 to Q.4	(3 marks, 2 min.)	[12, 08]
One or more than one options correct type ('–1' negative marking) Q.5	(4 marks 2 min.)	[04, 02]
Comprehension ('–1' negative marking) Q.6 to Q.8	(3 marks 2 min.)	[09, 06]
Subjective Questions ('–1' negative marking) Q.9 to Q.11	(4 marks 5 min.)	[12, 15]

1. तीन बहुत बड़ी प्लेटें, जिनका क्षेत्रफल बराबर है, समांतर व एक दूसरे के पास रखी गयी हैं। उनको आदर्श –कृष्ण –सतह मानें और उनकी ऊष्मा चालकता बहुत अधिक है। पहली और तीसरी प्लेटों को क्रमशः 2T और 3T तापमान पर रखा जाता है। स्थाई अवस्था में बीच की (अर्थात दूसरी) प्लेट का तापमान है। **[IIT-JEE-2012, Paper-1; 3/70, –1]**

(A) $\left(\frac{65}{2}\right)^{\frac{1}{4}} T$ (B) $\left(\frac{97}{4}\right)^{\frac{1}{4}} T$ (C) $\left(\frac{97}{2}\right)^{\frac{1}{4}} T$ (D) $(97)^{\frac{1}{4}} T$

2. एक गोलाकार कृष्णिका(black body) को 300 K तापमान वाले वातावरण में रखा गया है। इस पर प्रकश के समान्तर किरणें, जिनकी तीव्रता $I = 912\ Wm^{-2}$ है, आपतित हैं। स्टीफन वोल्टज्मान नियतांक $\sigma = 5.7 \times 10^{-8}\ Wm^{-2} K^{-4}$ का मान लेकर यह मानते हुए कि ऊर्जा का आदान प्रदान सिर्फ विकिरण द्वारा ही हो रहा है, कृष्णिका का स्थायी अवस्था में तापमान लगभग है : **[JEE (Advanced)-2014, 3/60, –1]**

(A) 330 K (B) 660 K (C) 990 K (D) 1550 K

3. मानवीय पृष्ठीय क्षेत्रफल लगभग $1m^2$ होता हैं मानव शरीर का तापमान परिवेश के तापमान से 10 K अधिक होता है। परिवेश तापमान $T_0 = 300$ K है, इस परिवेश तापमान के लिए $\sigma T_0^4 = 460\ Wm^{-2}$ है जहाँ σ स्टीफान–बोल्ट्जमान नियतांक (Stefan-Boltzmann constant) है। निम्न में कौन सा (से) कथन सही है/हैं ?

[JEE (Advanced) 2017 ; P-1, 4/61, –2]

(A) परिवेश तापमान अगर ΔT_0 से घटता है ($\Delta T_0 << T_0$) तब मानव शरीर को तापमान का अनुरक्षण करने के लिए $\Delta W = 4\sigma T_0^3 \Delta T_0$ अधिक ऊर्जा विकिरित करनी पडती है।

(B) पृष्ठीय क्षेत्रफल घटाने (जैसे : सिकुडने से) से मानव अपने शरीर से विकिरित ऊर्जा घटाते है एवं अपने शरीर का तापमान अनुरक्षित करते है।

(C) मानवीय शरीर के तापमान में अगर सार्थक वृद्धि हो तब प्रकाश चुम्बकीय विकिरण स्पेक्ट्रम की शिखर तरंग दैर्ध्य (the electromagnetic spectrum) दीर्घ तरंग दैर्ध्य की ओर विस्थापित होती है।

(D) मानवीय शरीर से 1 सैकण्ड में निकटतम विकिरित ऊर्जा 60 जूल (60 joules) है।

4. यदि धातु के एक टुकड़े को तापमान θ तक गर्म किया जाता है और फिर एक कमरे में, जिसका तापमान θ_0 है, ठंडा होने दिया जाता है, तब धातु के तापमान T और समय t के बीच ग्राफ इसके अत्यधिक समीप है :

[JEE-Main 2013, 4/120,–1]

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

5. एक तापदीप्त बल्ब के टंगस्टन तन्तु को विद्युत धारा के प्रवाह से उच्च तापमान पर गरम करने पर टंग्स्टन तन्तु कृष्णिका विकिरण (black-body radiation) उत्सर्जित करता है। यह देखा गया है कि लंबे समय के प्रयोग के बाद टंग्स्टन तन्तु में असमान वाष्पीकरण के कारण तन्तु किसी भी जगह से टूट जाता है। यदि बल्ब को विद्युत शक्ति एक स्थिर वोल्टता पर दी गयी है तो निम्नलिखित में से कौनसा/कौनसे कथन सत्य है/ हैं ?

(A) तन्तु पर तापमान का वितरण एक समान है

(B) तन्तु के छोटे भागों का प्रतिरोध समय के साथ कम होता जाता है

(C) टूटने से पहले तन्तु उच्च आवृती पट्टी (high frequency band) का प्रकाश पहले से ज्यादा उत्सर्जित करता है

(D) तन्तु अपनी आयु के आखरी समय में कम विद्युत शक्ति का प्रयोग करता है

अनुच्छेद # 2

30 ºC नियत तापमान के वातावरण में एक वस्तु ठण्डी होती है। ऊष्मा धारिता 2J/ºC है। वस्तु का प्रारम्भिक तापमान 40ºC है। माना कि न्यूटन का शीतलन का नियम यहाँ मान्य होता है। वस्तु 10 मिनट में 38ºC तक ठण्डी होती है।

6. अगले 10 मिनट में यह 38ºC से निम्न ताप तक ठण्डी हो जाएगी –

(A) 36ºC (B) 36.4ºC (C) 37ºC (D) 37.5ºC

7. वस्तु का ºC में तापमान θ द्वारा प्रदर्शित है θ का समय t के साथ परिवर्तन का सही प्रदर्शन है :

(A)


(B)


(C)


(D)


8. जब वस्तु का ताप 38 ºC पहुँचता है तो इसको दुबारा इस प्रकार गर्म करते है कि इसका तापमान 10 मिनट में 40ºC हो जाता है तो वस्तु के लिए हीटर से प्राप्त कुल ऊष्मा होगी –

(A) 3.6J (B) 7J (C) 8 J (D) 4 J

9. एक द्रव 70ºC से 60ºC तक 5 मिनट में ठंडा होता है। वह समय ज्ञात कीजिये जिसमें यह और 50ºC तक ठंडा होता है। यदि इसके परिवेश (वातावरण) का ताप 30ºC पर नियत रखा जाता है।

10. दो गोलाकार पिण्ड A (त्रिज्या 6 cm) तथा B, (त्रिज्या 18 cm) क्रमशः T_1 तथा T_2 तापमान पर हैं। उनसे उत्सर्जित स्पेक्ट्रम की अधिकतम तीव्रता A के लिए 500 nm पर तथा B के लिए 1500 nm पर हैं। इन पिण्डों को कृष्णिकायें मानते हुए, A तथा B से कुल ऊर्जा उत्सर्जन का अनुपात क्या होगा ? **[JEE, 2010, 3,/163]**

11. एक धातु के भट्टी में गरम करते हुए उसकी विकिरण शक्ति (P) को धातु के ऊपर रखे हुए एक संवेदक (sensor) से पढ़ते है। संवेदक का $\log_2 (P / P_0)$ को पढता है, यहाँ P_0 एक स्थिरांक है। जब धातु का तापमान 487 ºC है तो संवेदक का पठन 1 है। मान लीजिये कि धातु की सतह की उत्सर्जकता स्थिर है। धातु की सतह का तापमान 2767ºC तक बढाने पर संवेदक का पठन क्या होगा ? **[JEE Advanced 2016 ; P-1, 3/62]**

ANSWERS

DPP No. : C1

7. $\tau = \frac{\lambda^2 R}{\pi \in_0} \ell n\left(\frac{R+r}{r}\right)$

8. 6 mg $\cos^2(\theta/2)$ **9.** 3

DPP No. : C2

7. 4 **8.** 7 **9.** 40

DPP No. : C3

8. 5 **9.** $\frac{72v}{55\ell}, \frac{\pi\ell}{3}, \frac{24mv}{55}$

DPP No. : C6

9. $F = \frac{mg}{\sqrt{1-\left(\frac{m}{m+M}\right)^2}}$

DPP No. : C7

7. $\cos^{-1}\left(\frac{2}{3}\right)$ **8.** $\frac{13P^2}{10M}$ **9.** 4

DPP No. : C8

6. 1 V **7.** Q = $\frac{1}{2}C\mathcal{E}_2^2$. It is remarkable that the result obtained is independent of $\mathcal{E}_1$.

8. 07 **9.** 90

DPP No. : C10

8. $i = \frac{\varepsilon}{2R}\left(1-e^{-\frac{2t}{3RC}}\right)$ **9.** $E=\frac{(\pi+3)}{24}\frac{\mu\omega^2A^2}{K}$

DPP No. : C11

9. 5

DPP No. : C13

11. $B = 2.1 \times 10^{-8}$ kT **12.** (a) 23.9 GHz
(b) 60 sin $(0.5 \times 10^3 x + 1.5 \times 10^{11} t)$ V/m

DPP No. : C14

1. 1.2×10^{-6} N
2. $E_{rms} = 2.9$ V/m, $B_{rms} = 9.6 \times 10^{-9}$ T
8. $B = 0.74 \times 10^{-3}$ T

DPP No. : C17

8. 9 **9.** 0

DPP No. : C18

7. $u = \sqrt{\frac{48}{5}g\ell}$

8. (a) T= 40 (3 cos θ – 2 cos θ_0) kg f.
(b) $\theta_0 = 60°$ **9.** 19

DPP No. : C22

10. x = 2

DPP No. : C24

4. 3.98×10^{-2} J **5.** 1.44×10^{-5} J
6. $24\pi R^2S$ **7.** (a) 465 N/m^2
(b) 30 N/m^2 (c) 38 N/m^2 **8.** 8
9. 6

DPP No. : C25

11. $T = \frac{p_0(2r^3 - R^3)}{4(R^2 - 2r^2)}$ **12.** 100N/m^2
13. 4 **14.** 4

DPP No. : C26

11. 4 **12.** $\frac{4}{3}\times10^{-4}, \frac{8}{3}\times10^{-4}$
13. 3

DPP No. : C28

10. 8 **11.** 8
12. (a) $\frac{F\cos^2\theta}{A}$ (b) $\frac{F\sin2\theta}{2A}$
(c) $\theta = 0°$ (d) $\theta = 45°$

DPP No. : C29

11. 5×10^{-5} g/s **12.** 4.0 W
13. 12 °C/s

DPP No. : C30

9. 5 **10.** 9 **11.** 15 W/m–°C
12. 0.73 W. **13.** 6×10^3 K; 4×10^3 K

DPP No. : C31

9. 7 minutes **10.** 9 **11.** 9